दैनिक
राष्ट्रवादी विचार धारा
जय खेड़ापति सरकार
RNI-MPHIN/2016/69280
# नवनीत एक्सप्रेस
शिवपुरी, ग्वालियर, भोपाल, झांसी से एक साथ प्रकाशित
संपादकः महेन्द्र तिवारी
न डरते है न डराते है, सच उजागर करते हैं
वर्ष : 10 अंकः 291 | ग्वालियर,गुरुवार 24 जुलाई 2025 | navneetexpress33@gmail.com | पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रुपया


# संसद में भी सड़क जैसा व्यवहार

## हंगामे पर सांसदों पर गुस्साए लोकसभा स्पीकर बिरला

### सदन में तख्तियां लेकर आने वालों पर मुझे निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला बुधवार को सदन में विपक्ष के हंगामे को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने विपक्षी सांसदों पर गुस्सा जाहिर कर कहा कि आप संसद में भी सड़क जैसा व्यवहार कर रहे हैं। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने सदन में तख्तियां दिखाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित विपक्षी सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध सुबह 11 बजे संसद की कार्यवाही शुरू होने के साथ शुरु हुआ। विपक्षी सांसद पोस्टर-तख्तियां लेकर लोकसभा में वेल के अंदर पहुंचे और हंगामा करने लगे। इस पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने नाराजगी व्यक्त कर उन्हें चेतावनी देकर कहा, मैं फिर कहना चाहता हूं कि सदन में तख्तियां लेकर आने वालों पर मुझे निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी।



प्रश्नकाल के दौरान शुरुआती कुछ मिनट में रेलवे से जुड़े विषय पर सवाल-जवाब हुए। हालांकि, इस बीच हंगामा नहीं रुकने पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला विपक्षी सांसदों पर भड़क गए।

बिरला ने कहा, संसद हमारी गौरवशाली लोकतंत्र की संस्था है। सभी से आग्रह है कि संसद परिसर के अंदर व्यवहार, आचरण और कार्य पद्धति मर्यादित होनी चाहिए। देश की जनता ने आपको उनकी आवाज, समस्याओं, देश के मुद्दों और नीतियों पर चर्चा के लिए यहा भेजा है। आप सड़क जैसा व्यवहार संसद में कर रहे हैं। इसका पूरा देश देख रहा है। विपक्ष के नेताओं से अपील कर बिरला ने कहा कि आप जाएं, सीट पर बैठें और मुद्दों पर चर्चा करें। हर मुद्दे और विषय पर नियमों के तहत चर्चा और संवाद करने का पर्याप्त मौका दूंगा। उन्होंने कहा कि आप माननीय हैं,तब माननीय जैसा व्यवहार करें। संसद का मानसून सत्र लगातार हंगामे की भेंट चढ़ता जा रहा है। जहां पहले दिन विपक्षी दलों ने ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले के मुद्दे को लेकर सदन में हंगामा किया। इसके बाद दूसरे दिन बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर हंगामा हुआ।

# राहुल गांधी का गंभीर आरोप- देश में चुनाव चोरी हो रहे हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बिहार में 52 लाख लापता मतदाताओं की रिपोर्ट को लेकर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए। राहुल ने कहा कि यह सिर्फ़ बिहार की बात नहीं है, महाराष्ट्र और कर्नाटक में भी बड़ी गड़बड़ियां हुई हैं।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, कि हमने चुनाव आयोग से मतदाता सूची की मांग की, लेकिन उन्होंने देने से मना कर दिया। हमने वीडियोग्राफी दिखाने को कहा, लेकिन उन्होंने इसके नियम ही बदल दिए। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र में 1 करोड़ नए मतदाता जुड़े, लेकिन इस प्रक्रिया में भी धांधली की गई। राहुल ने कर्नाटक में भी कथित बड़ी चोरी पकड़े जाने की बात कही। इसी के साथ राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए कहा, कि अब उन्हें (चुनाव आयोग को) समझ आ गया है कि हम उनके खेल से वाक़िफ़ हैं, इसलिए वे सिस्टम ही बदल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग मतदाता सूचियों से नाम हटा रहा है और नई लिस्ट बना रहा है ताकि चुनाव परिणाम प्रभावित किए जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि देश में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं– ये सच्चाई है।

### गुस्सा इतना कि बगैर सूचना दिए राष्ट्रपति भवन पहुंच गए थे धनखड़!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद कई तरह की अटकलें शुरु हो गई हैं। सोमवार की रात अचानक दिए गए इस इस्तीफे ने राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं बढ़ा दी हैं। खबर है कि यह भी है कि धनखड़ के बगैर अपॉइंटमेंट लिए राष्ट्रपति भवन पहुंचने के चलते भी अधिकारी हैरान रह गए थे। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ आनन फानन में उनकी मीटिंग तय कराई गई। रिपोर्ट के अनुसार, रात 9 बजे संवैधानिक पदाधिकारी के बगैर अपॉइंटमेंट के आने से अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया। इधर, धनखड़ के राष्ट्रपति भवन में आने की बात सैन्य सचिव को बताने के लिए एडीसी तुरंत भागे। बाद में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात के बाद धनखड़ ने इस्तीफा सौंपा और रात 9 बजकर 25 मिनट पर यह जानकारी सार्वजनिक की गई। कहा जा रहा है कि अचानक राष्ट्रपति भवन आकर इस्तीफा सौंपने के चलते फिर अटकलों का दौर शुरू हो गया। दरअसल, खबरें हैं कि सोमवार सुबह से दोपहर तक धनखड़ सदन में रहे और बैठकों में शामिल हो रहे थे। साथ ही उनके राजस्थान के दौरे के कार्यक्रम के बारे में दफ्तर प्रेस स्टेंटमेंट के जरिए जानकारी दे रहा था।

# पीएम मोदी ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा पर

### देश के लिहाज से ठोस परिणाम सामने आएंगे

### 25-26 को मालद्वीप की राजकीय यात्रा पर रहेंगे



फाइल फोटो

**नई दिल्ली एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को ब्रिटेन (यूके) और मालदीव की द्विपक्षीय यात्रा पर रवाना हो गए। उन्होंने कहा कि यात्रा दोनों देशों के साथ संबंधों को मजबूत करेगी और इसके ठोस परिणाम सामने आएंगे। पीएम मोदी की ब्रिटेन यात्रा प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के निमंत्रण पर हो रही है। यह पीएम मोदी की चौथी ब्रिटेन यात्रा है।यात्रा से पहले जारी अपने बयान में पीएम मोदी ने कहा, ÷भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी है, जिसने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। हमारा सहयोग व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा, शिक्षा, अनुसंधान, सतत विकास, स्वास्थ्य और लोगों से लोगों के संबंधों जैसे कई क्षेत्रों में फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री स्टार्मर के साथ द्विपक्षीय बैठक करने वाले हैं, जिसमें दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा होगी, ताकि समृद्धि, विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे सके। पीएम मोदी ने कहा कि वे ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय से भी मुलाकात करने वाले है।इसके बाद पीएम मोदी 25-26 जुलाई को मालदीव की राजकीय यात्रा पर जाएंगे। यह यात्रा राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के निमंत्रण पर हो रही है। यह पीएम मोदी की मालदीव की तीसरी यात्रा है और राष्ट्रपति मुइज्जू के कार्यकाल में किसी भी राष्ट्राध्यक्ष की यह पहली आधिकारिक यात्रा होगी।इस यात्रा का विशेष महत्व है, क्योंकि पीएम मोदी 26 जुलाई को मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हो रहे है। इतना ही नहीं इस वर्ष भारत और मालदीव के बीच राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ भी मनाई जा रही है।

# दिन में ही छाया अंधेरा

### दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित, मुंबई में भी हालात बेहाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में मानसून ने जोर पकड़ लिया है। बुधवार सुबह से ही दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में घने बादलों के बीच मूसलाधार बारिश शुरु हो गई। घने और काले बादलों की वजह से सुबह के समय तो हालात ऐसे बन गए जैसे दिन में ही रात हो गई हो। बारिश के कारण सड़कों पर जलभराव और ट्रैफिक जाम जैसी समस्याएं सामने आई हैं। वहीं मुंबई में भी भारी बारिश से सड़कों पर नाव चलाने की नौबत आ गई है। दिल्ली के लाजपत नगर, वसंत कुंज, नोएडा और साउथ दिल्ली जैसे इलाकों में सुबह से तेज बारिश शुरु हो गई। नोएडा में तो कई स्थानों पर जलभराव से वाहन चालकों को खासा परेशान होना पड़ रहा है। ऑफिस जाने वाले लोगों को भारी जाम और पानी भरी सड़कों से गुजरना पड़ा। हालांकि, इस बारिश से लोगों को गर्मी और प्रदूषण से कुछ राहत जरूर मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में रुक-रुककर बारिश होती रहेगी। बंगाल की खाड़ी के पास बन रहे साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण आने वाले सप्ताह में पूर्वी भारत, मध्य भारत और उत्तर भारत में भी व्यापक बारिश की संभावना जताई गई है।

# मध्यप्रदेश में तन्वी द ग्रेट टैक्स फ्री हुई



**भोपाल, ब्यूरो।**

अभिनेता अनुपम खेर के निर्देशन में बनी फिल्म तन्वी द ग्रेट को मध्य प्रदेश सरकार ने टैक्स फ्री घोषित कर दिया है। यह घोषणा मुख्यमंत्री मोहन यादव ने फिल्म देखने के बाद की। अनुपम खेर, जो फिल्म में एक कलाकार भी हैं, ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। अनुपम खेर ने एक्स अकाउंट पर सीएम यादव के साथ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, आदरणीय मुख्यमंत्री यादव जी! आज भोपाल में पहले आपसे आपके निवास स्थान पर भेंट हुई ! उसके उपरांत ये हमारा सौभाग्य है कि आप हमारी फिल्म तन्वी द ग्रेट थिएटर में देखने आए! आपने न केवल हमारी फिल्म को सराहा बल्कि हमारी फिल्म के जज्बे को देखकर इसे टैक्स फ्री भी घोषित कर दिया! ये आपकी सामाजिक मुद्दों और सेना के प्रति विशेष भावना दर्शाता है। एक बार फिर आपका और आपके मंत्री मंडल और अन्य कर्मचारियों का हृदय से धन्यवाद! जय हिन्द !फिल्म में अनुपम खेर के अलावा जैकी श्रॉफ, अरविंद स्वामी, बोमन ईरानी, पल्लवी जोशी, करण टैकर और नासर जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

### जस्टिस वर्मा मामले की सुनवाई से सीजेआई गवई ने खुद को किया अलग, बोले-

# मैं जस्टिस वर्मा को चुनने वाली कॉलेजियम में था

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक संवेदनशील और चर्चित याचिका पर सुनवाई उस समय टल गई जब मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई)बी.आर. गवई ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया। यह मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा से जुड़ा है, जिन्होंने खुद पर बनी इन-हाउस जांच समिति की रिपोर्ट को चुनौती दी है। सीजेआई गवई ने स्पष्ट किया कि वे जस्टिस वर्मा की नियुक्ति में कॉलेजियम का हिस्सा रहे हैं, इसलिए नैतिकता की दृष्टि से इस मामले की सुनवाई करना उचित नहीं होगा। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल जब इस याचिका पर शीघ्र सुनवाई की मांग कर रहे थे, तब सीजेआई गवई ने कहा, हमें इस मामले को नई पीठ के लिए सूचीबद्ध करना होगा। यहां बताते चलें कि जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में जांच समिति की उस रिपोर्ट को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें कथित तौर पर कैश रिकवरी मामले में दोषी ठहराया गया था। यह मामला मार्च 2024 का है, जब जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर आग लगी थी और उस स्थान से बड़ी मात्रा में अधजली नकदी मिलने की खबर सामने आई थी। घटना के बाद पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता में तीन-सदस्यीय समिति गठित की गई थी, जिसने 10 दिनों तक जांच कर 55 गवाहों से पूछताछ की थी।

# चीनी पर्यटकों को 5 साल बाद फिर वीजा देगा भारत

## 24 जुलाई से आवेदन शुरू, गलवान संघर्ष के बाद से बंद थी सर्विस




**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारत सरकार अब चीनी पर्यटकों को फिर से वीजा देने जा रही है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारत पांच साल बाद ये सेवा फिर से शुरू करेगा। कोरोना काल के बाद यह सर्विस बंद हो गई थी। इसके बाद जून 2020 में हुए गलवान संघर्ष ने दोनों देशों के रिश्तों को और खराब कर दिया था।बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है। दूतावास ने बताया कि यह प्रक्रिया 24 जुलाई 2025 से शुरू होगी। इस जानकारी को चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भी प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीबो पर इस संबंध में जानकारी साझा की है।भारतीय दूतावास ने कहा है कि चीन के लोग अब भारत घूमने के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सबसे पहले ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरना होगा। फिर वेबसाइट पर जाकर अपॉइंटमेंट लेना होगा।

इसके बाद उन्हें अपने पासपोर्ट और जरूरी दस्तावेज लेकर वीजा केंद्र जाना होगा। ये वीजा केंद्र बीजिंग, शंघाई और ग्वांगझू जैसे शहरों में हैं, जो दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत में आते हैं। वहां जाकर वे अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

### कोरोना काल में भारत ने वीजा देना बंद किया था

गौरतलब है कि भारत ने 2020 में कोविड-19 महामारी के चलते सभी पर्यटक वीजा को निलंबित कर दिया था। इसके बाद भारत-चीन के बीच जून 2020 में गलवान संघर्ष हुआ था। इससे दोनों देशों के संबंध खराब हो गए थे।

अप्रैल 2022 में अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (IATA) ने कहा था कि चीनी नागरिकों के सभी पर्यटक वीजा अब वैलिड नहीं हैं। दरअसल, चीन ने तब 22,000 भारतीय छात्रों के फिर से चीन जाने की अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद भारत ने 'जैसे को तैसा' की तरह जवाब देते हुए चीनी नागरिकों का टूरिस्ट वीजा अमान्य कर दिया था।

### देवदूत बने डॉ केए पॉल ने किया दावा कहा-

# यमन में निमिषा की फांसी रद्द

**सना एजेंसी।** कहते हैं मारने वाले से बचाने वाला कई गुना बड़ा होता है। ग्लोबल पीस इनिशिएटिव के संस्थापक डॉ केए पॉल किसी देवदूत से कम नहीं हैं। उन्होंने यमन में मौत की सजा पा चुकी भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी रद्द कराने में सफलता हासिल की है। यह जानकारी खुद पॉल ने एक वीडियो जारी करके दी। उन्होंने यमनी नेताओं के प्रभावशाली और प्रार्थनापूर्ण प्रयासों और पिछले दस दिनों की अथक मेहनत की सराहना की। डॉ पॉल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि भारतीय राजनयिक निमिषा को सुरक्षित भारत लाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने सना जेल से निमिषा की ओमान, जेद्दा, मिस्र, ईरान या तुर्की के रास्ते सुरक्षित वापसी के लिए भारत सरकार के साथ रसद व्यवस्था की बात कही। डॉ केए पॉल का जन्म 10 सितंबर 1963 में आंध्र प्रदेश में हुआ था। उन्हें आधुनिक गांधी भी कहा जाता है। वो एक भारतीय मूल के समाजसेवी हैं।

# अहमदाबाद एयरपोर्ट पर टेकऑफ से पहले इंडिगो फ्लाइट में आग




### पायलट ने मेडे कॉल भेजा; कल एअर इंडिया के विमान में आग लगी थी

**अहमदाबाद, एजेंसी।**

अहमदाबाद से दीव जा रही इंडिगो की फ्लाइट के इंजन में बुधवार को उड़ान भरने से ठीक पहले आग लग गई।

फ्लाइट में 60 पैसेंजर थे। विमान रनवे पर टेकऑफ की तैयारी कर रहा था, तभी पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इमरजेंसी 'मेडे' कॉल भेजा और उड़ान को रोक दिया गया।

यह हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ। इसके बाद तुरंत सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की जांच जारी है।

इससे एक दिन पहले मंगलवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर हॉन्गकॉन्ग से आई एअर इंडिया फ्लाइट-315 में लैंडिंग के तुरंत बाद ऑक्सिलरी पावर यूनिट यूनिट में आग लग गई थी। ऑक्सिलरी पावर यूनिट प्लेन में सबसे पीछे उसकी टेल में होती है। वहां आग लगने से प्लेन की बॉडी को नुकसान पहुंच सकता है।

इससे पहले मंगलवार को ही दिल्ली से कोलकाता जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट UAI2403 में तकनीकी खराबी आ गई थी। खबर मिलने के बाद दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से प्लेन को उड़ान भरने से रोक दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्लेन 160 यात्रियों को लेकर रनवे पर था और उड़ने ही वाला था। तभी खराबी का पता चला।



# भाजपा प्रदेशउपाध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मिलकर की क्षति ग्रस्त तालाबों की मरम्मत कराने की मांग

श्योपुर । भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बृजराजा सिंह चौहान ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर तीन साल पहले बाढ में क्षतिग्रस्त हुए तालाबों की मरम्मत कराए जाने की मांग की है, जिससे कि बरसात का पानी सहज किया जा सके। सिंधिया से मुलाकात करते हुए श्री चौहान ने बताया कि वर्ष 2021 में श्योपुर में भंयकर बाढ़ आई थी, उस समय जिले की सडके, तालाब क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिनमें श्रीजी की गाँवड़ी, गोहेड़ा एवं अन्य गाँवों के तालाब टूट गये थे। तालाब अभी क्षतिग्रस्त पडे हैं, लेकिन आज तक उनकी रमम्मत नहीं हो पाई है। मरम्मत न होने के कारण इन तालाबों में पानी रुक नहीं पता जिसके कारण इन गाँवों में बाढ़ आती है। इस वर्ष भी श्रीजी की गाँवडी में बहुत नुक़सान ग्रामीणों का हुआ है। ये तालाब जल संसाधन विभाग के अधीन होने के कारण ग्राम पंचायत भी इनकी मरम्मत नहीं कर पा रही है। इस संबंध में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आवदा बांध की मरम्मत के साथ-साथ श्रीजी की गाँवड़ी, गोहेड़ा एवं अन्य गाँवों में जल संसाधन विभाग के तालाबो के मरम्मत कार्य स्वीकृत करवाने का अनुरोध किया है जिससे इन संबंधित गांवों में बाढ़ का ख़तरा समाप्त हो सके।

## मवेशियों के बाडे में घुसा 6 फीट लंबा मगरमच्छ

श्योपुर। श्योपुर जिले के रन्नोद गांव में एक बार फिर मगरमच्छ मिला है। बीते सात दिनों में यह दूसरी घटना है जब एक मगरमच्छ गांव में घुस आया। मंगलवार की देर रात यह मगरमच्छ गांव के एक बाड़े में बैठा मिला, जहां मवेशी बांधे जाते हैं। जब एक ग्रामीण चारा डालने पहुंचा तो उसकी नजर अचानक मगरमच्छ पर पड़ी। घबराकर वह तुरंत वहां से भागा और बाकी ग्रामीणों व वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। तकरीबन 6 फीट लंबे मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ा। इसके बाद उसे पास की नदी में छोड़ दिया गया। वन क्षेत्र अधिकारी राघवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि यह मगरमच्छ पास की नदी से रास्ता भटककर गांव तक पहुंच गया था। विभाग की टीम ने समय रहते पहुंचकर सुरक्षित रेस्क्यू किया और किसी तरह की जनहानि नहीं होने दी।



# वार्ड 15 की पेयजल और सड़क समस्या को सौंपा ज्ञापन

### जल्द समाधान नहीं हुआ तो होगा धरना प्रदर्शन

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस
विजयपुर, 23 जुलाई। विजयपुर नगर के वार्ड क्रमांक 15 में लंबे समय से व्याप्त पेयजल संकट और जर्जर सड़क की समस्या को लेकर वार्डवासियों का आक्रोश फूट पड़ा है। शनिवार को विजयपुर स्थित कन्याशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा को वार्ड पार्षद किरण संतकुमार शाक्य और जनसेवक रविकांत नरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड में नियमित जल आपूर्ति नहीं हो रही, जिससे नागरिकों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं, सड़क की हालत बेहद जर्जर है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। वार्ड पार्षद ने कई बार नगर परिषद को आवेदन दिए हैं, परंतु आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जनसेवक रविकांत कौशिक ने कहा कि यह समस्या केवल प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। यदि 5 दिनों के भीतर समाधान नहीं हुआ, तो हम वार्डवासियों के साथ धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और नगर परिषद की होगी। कलेक्टरअर्पित वर्मा ने ज्ञापन प्राप्त कर संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश देने का आश्वासन दिया।इस मौके पर बड़ी संख्या में वार्डवासी भी मौजूद थे, जिन्होंने एक स्वर में प्रशासन से समस्या के स्थायी समाधान की मांग की।प्रतिलिपियाँ जिला कलेक्टर श्योपुर, उपसंचालक नगरीय प्रशासन ग्वालियर एवं संचालक नगरीय प्रशासन भोपाल को भी प्रेषित की गई हैं।

# शहर में फिर हुई झमाझम बारिश, सडकों पर पानी-पानी



### तीन- चार दिन से नहीं हो रही थी बारिश

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस
श्योपुर। श्योपुर में डेढ़ माह में 30.3 इंच बारिश:पिछले साल की तुलना में दोगुनी से ज्यादा, जिले की सामान्य औसत वर्षा से 2 इंच पीछे। श्योपुर में बुधवार दोपहर एक बजे से जोरदार बारिश शुरू हुई। सुबह से छाए काले बादलों के बाद बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया। श्यामपुर कस्बे में भी सुबह 10 बजे से बारिश हो रही है। इससे लोगों को कई दिनों से चल रही उमस भरी गर्मी से राहत मिली। भू-अभिलेख कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक, 1 जून से अब तक श्योपुर जिले में 770.58 मिलीमीटर 30.3 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई है। यह पिछले साल की तुलना में दोगुनी से भी ज्यादा है। पिछले साल इसी अवधि में जिले में 353.1 मिलीमीटर 13.9 इंच औसत वर्षा हुई थी। जिले की सामान्य औसत वर्षा 822 मिलीमीटर 32.3 इंच है। इस बार वर्षा का आंकड़ा सामान्य औसत के करीब पहुंच गया है। बारिश के बढ़े हुए आंकड़े किसानों और आम लोगों के लिए राहत की खबर है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आने वाले दिनों में भी ऐसी ही बारिश जारी रही तो खरीफ फसलों की स्थिति में सुधार होगा। इस बारिश से जिले में कृषि कार्यों को गति मिलेगी।

# जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन



### 15 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस
श्योपुर, 23 जुलाई। जिला कांग्रेस ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जन समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अतुल चौहान की अगुआई में जिला प्रशासनिक अधिकारी संजय जैन को राज्यपाल के नाम 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।।

बरसात के बीच कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था होती घरों और मोटर सायकल सहित अन्य चोरियों व श्योपुर जिले में पिछले वर्षों में भाजपा नेताओं ओर प्रशासन ,पुलिस के गठजोड़ से रेता का अवैध कारोबार से आमजनता पर बढ़ता बोझ, सरकारी जमीनों का बंदरबांट,खनिज संपदा अवैध दोहन ,किसानों के लिए यूरिया और डीएपी के कमी को पूरा करने की मांग,नगरपालिका श्योपुर और बड़ौदा की जनसमस्याओं जलभराव से होती परेशानी और कमीशन खोरी से कमजोर विकास की जांच ,बिजली की वोल्टेज समस्या व बिजली विभाग की ठेकेदारों से मिलकर किसानों से कनेक्शन के नाम लुट बंद करने की मांग, सलापुरा से नागदा मेडिकल कॉलेज मातासुला तक नगर से रोड की मांग ,नए मंजूर विद्युत सबस्टेशन का निर्माण पूरा करने ग्रामीण क्षेत्रों में एक से तीन किलोमीटर की सड़क को मंजूर करने सहित विभिन्न मांगों का ज्ञापन कांग्रेस ने दिया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में अतुल चौहान ने श्योपुर जिले में नशे के अवैध स्मैक ,गांजा,जैसे नशे से नई युवा पीढ़ी पर संकट पर चिंता जताते हुए इसके माफियाओं पर कठोर कार्यवाही की मांग की चौहान ने जिले में जमीनों के गोरख धंधों सहित गरीबों को दी गई विक्रय से वर्जित भूदान जमीनों को सस्ते दामों पर लेकर भाजपा नेताओं ओर प्रशासनिक गठजोड़ की जांच की मांग की गई। इस दौरान प्रदर्शन में प्रदेश सचिव योगेश जाट, नपा पूर्व अध्यक्ष अशोक गोयल, दौलत राम गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष चीनी कुरैशी, सत्यप्रकाश शर्मा मोर्चा संगठन अध्यक्ष डॉ. कमल शर्मा, रामभरत मीणा, वरिष्ठ नेता जुगराज रावत, संजू कुशवाह, रितेश तोमर, असलम खान, रज्जाक अहमद, मांगीलाल फौजी, मान सिंह राठौर,राम सिंह मीणा सोई, मांगीलाल सुमन ,राम सिंह मीणा दांतरदा, मथुरालाल बैरवा, बजरंगलाल बैरवा, इंसाफ खान रामस्वरूप वैष्णव, पार्षद इमरान खान, सुमेर सिंह, बृजेश राजू वैष्णव, रामहेत सुमन, सखावत खान, वाहिद खान, दिनेश सुमन, राममिलन मीणा, रामहेत सुमन, मलखान बैरवा, रामदयाल नायक, मुस्तफा रमेश सुमन, खान सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे।



## 75 हजार 900 रूपये की अवैध शराब जब्त

श्योपुर, 23 जुलाई। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा एवं ग्वालियर संभाग आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशों के तारतम्य में जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार के नेतृत्व में श्योपुर जिले में अवैध मदिरा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिले में वृत्त श्योपुर के ग्राम बाजरली, हलगावाड़ा और मठेपुरा में दबिश दी गई, आबकारी बल द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 5 प्रकरण दर्ज किए गए। उक्त कार्रवाई में 54 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई और 650 किलोग्राम लाहन मौके पर नष्ट किया गया, जप्त शुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 75 हजार 900 रुपये पाई गई। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी लोकेंश तिवारी, आबकारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार धुर्वे, आरक्षक राजेंद्र शर्मा, कोकसिंह रावत एवं वृगभान जाटव एवं होमगार्ड सैनिक उपस्थित रहें।

## अवैध उर्वरक भंडारण पर कार्रवाई



श्योपुर, 23 जुलाई । कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार अवैध उर्वरक विक्रय पर अंकुश लगाने हेतु कृषि विभाग की टीम द्वारा तेजाजी चौक, मानपुर में बड़ी छापामार कार्रवाई की गई। उप संचालक, किसान कल्याण एवं कृषि विकास जी के पचौरिया ने बताया कि कार्रवाई के दौरान जाकिर अली, गफ्फूर खां निवासी मानपुर द्वारा अवैध रूप से भंडारित डीएपी उर्वरक के 81 बैग जप्त किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 1 लाख 09 हजार 350 बताई गई है। यह उर्वरक राजस्थान से लाया गया था, लेकिन मौके पर कोई वैध दस्तावेज अथवा बिल प्रस्तुत नहीं किया गया। कृषि एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके से ट्रॉली व उर्वरक छोड़कर फरार हो गया। जब्त उर्वरक के अमानक होने की आशंका के चलते नमूनों को परीक्षण हेतु भेजा गया है। ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित सम्पूर्ण सामग्री पुलिस थाने में सुपुर्द की गई है।

## दतिया

# उपनिरीक्षक प्रमोद पावन आत्महत्या की घटना की जॉच सी .बी .आई . या न्यायिक जांच करवायी जाये

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस
दतिया,23जुलाई । बहुजन समाज पार्टी जिला दतिया के तत्वाधान में थाना गोंदन जिला दतिया में पदस्थ कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक प्रमोद पावन द्वारा 21-22 जुलाई 2025 की रात अपने शासकीय आवास थाना परिसर गोंदन में गोंदन थाना प्रभारी, आरक्षक चाल रूपनारायण यादव, थरेट थाना प्रभारी प्रताड़ना व रेत माफिया अरविन्द उर्फ बबलू यादव की जान से मारने धमकियों व जातिगत अपमानित करने से परेशान व भयभीत होकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक ए.एस.आई. प्रमोद पावन ने एक बीडियों जारी कर उक्त लोगों को अपनी आत्महत्या करने को मजबूर किये जाने आरोप लगाते हुए पूर्ण रूप से उत्तरदायी बताया हैं दोनों थाना प्रभारी व आरक्षक के संबंध में उनके द्वारा रेत का अवैध परिवहन कराने व थाना क्षेत्र गोंदन में 5-5 जगह अपने संरक्षक में जुआ खिलाने का आरोप लगाने का 02.07.2025 के शिकायती आवेदन पत्र जो पुलिस अधीक्षक को दिया गया था, उसके स्पष्ट रूप से की गई थी। जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। मृतक ए.एस.आई. द्वारा आत्महत्या करने के पूर्व अपने सुसाइट नोट के रूप में बीडियों बना कर प्रसारित किया गया है, तथा अपनी सारी परेशानी बयां की गई है। अपने पुत्र को भी अवगत कराया गया है उक्त सारे सबूतों से स्पष्ट है कि आरोपीगण प्रमोद पावन के आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने के दोषी है, उक्त घटना की जॉच के नाम पर आरोपीगण को बचाने का प्रयास किया जा सकता है और मृतक के परिवार को न्याय से वंचित किया जा सकता है।

बहुजन समाज पार्टी जिला दतिया मांग करती है कि इस घटना की जॉच सी.बी.आई. या न्यायिक जॉच करवायी जाये जिससे घटना की निष्पक्ष व सूक्ष्मजांच हो सकें व वीडियोग्राफी भी साथ में की जाये। पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा को ज्ञापन सौपते हुए उक्त लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिये उकसाने व अनु.जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत तत्काल प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिला प्रभारी अरविंद बौद्ध एडवोकेट, विन्द्रावन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष हरगोविन्द अहिरवार, सुगर सिंह जाटव, संदीप भारती, लखन भारती जिला सचिव, नरेन्द्र राव नगर अध्यक्ष, कप्तान सिंह जनपद सदस्य, बालकृष्ण कुशवाह, रामकुमार, पवन शिवदयाल बौद्ध, जी.एल. गौतम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# 20 दिन से पहुंज नदी के रपटे पर पानी होने से आवागमन प्रभावित

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस
दतिया,23जुलाई । क्षेत्र की प्रमुख पहुंज नदी इन दिनों लगातार बारिश के चलते उफान पर है। बीते 20 दिनों से नदी के रपटे पर पानी भरा हुआ है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। ग्रामीणों को जरूरी काम, इलाज, स्कूल व बाजार आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब जब बारिश थोड़ी थमी है और नदी का जलस्तर कुछ कम हुआ है, तब लोग जान जोखिम में डालकर रपटे को पार करने लगे हैं। भांडेर के मोंठ मार्ग पहुंज नदी पर बना यह रपटा उत्तरप्रदेश के कई गांवों को भांडेर नगर से जोड़ता है। लोग इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। बारिश के समय रपटे पर पानी आना कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस बार लगभग 20 दिनों तक लगातार जलभराव रहने से ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी अस्त-व्यस्त हो गई है। इस रपटे से होकर स्कूली छात्र-छात्राएं, किसान, महिलाएं व मजदूर प्रतिदिन आवाजाही करते हैं। लगातार बंद रास्ते के कारण न सिर्फ आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा, बल्कि कई लोगों को बीमारियों और आपात स्थितियों में इलाज के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश कम होते ही कुछ ग्रामीण पानी कम देखकर पार करने लगे, लेकिन यह निर्णय बेहद जोखिम भरा साबित हो रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के समय इसी तरह की समस्या उत्पन्न होती है। रपटे पर पानी आने से गांवों का संपर्क भांडेर से टूट जाता है। कई बार लोग तेज बहाव में बह भी चुके हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से



मांग की है कि रपटे के स्थान पर एक मजबूत पुल बनाया जाए जिससे वर्षभर आवागमन सुचारु रूप से चलता रहे। 20 दिन से जारी इस जलभराव की समस्या ने ग्रामीणों की जीवन-शैली को गहरा प्रभावित किया है। यह केवल एक स्थानीय समस्या नहीं, बल्कि एक स्थायी समाधान की माँग करता हुआ मुद्दा बन चुका है। यदि समय रहते प्रशासन और जनप्रतिनिधि नहीं चेते, तो आने वाले वर्षों में यह समस्या और विकराल रूप धारण कर सकती है।

## जो उपासना में लगा वह शिव जो वासना में लगा वह शव : पाठक



दैनिक नवनीत एक्सप्रेस
दतिया, 23 जुलाई। भागवत मन की व्यथा को दूर कर जीवन में सुख और समृद्धि लाती है जीवात्मा के चित्र की पूजा नहीं होती है उसके चरित्र की पूजा होती है जो उपासना में लगा है वह शिव है जो वासना में लगा है वह शव है। भागवतकथा वहीं मानव सुन सकते है जिनके ऊपर गोविन्द जी की असीम कृपा करें। हलांकि सभी मानव को अपना जीवन का मुख्य लक्ष्य श्रीमद् भागवतकथा सुन परमपिता परमात्मा को पाना होना चाहिए। यह तभी संभव है जब भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिये उपदेश में लोग चलते है। उक्त बात गोविन्द जी मंदिर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण के अवसर पर कथा वाचक आचार्य सिद्धशरण पाठक ने भक्तजनों के बीच कही। सर्वप्रथम कथा पारिक्षित श्रीमती सुमन नवल यादव कक्का ने भागवतकथा का पूजन किया। इसके बाद भक्तजनों द्वारा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण हुआ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया।

### राधाकृष्ण मंदिर में महिलाओं द्वारा भजन संध्या का आयोजन

सावन मास के अवसर पर ग्राम धमना स्थित राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में भजन कार्यक्रम का आयोजन महिलाओं द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। आयोजन ने गांववासियों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। सुबह मंदिर पर भगवान राधाकृष्ण, शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना तत्पश्चात महिलाओं ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिनमें शिव शंकर को जो कोई ध्यावे, राधे राधे जपो चले आएंगे बिहारी, बोलो हर हर महादेव जैसे गीतों ने भक्तों के हृदय में गहरी आस्था का संचार किया।

# सेवा का उद्देश्य जरूरतमंद को समय पर सही सुविधा मिले तभी पूर्ण होता-सिंह

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस
दतिया। चित्रकूट से आये सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञ डॉ संदीप कुमार ने नेत्र परीक्षण शिविर में उपस्थित मरीजों एवम उनके परिजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नेत्र रोगों की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान और उपचार से दृष्टिहीनता को रोका जा सकता है। इस शिविर में आए अधिकांश मरीजों को चश्मे की आवश्यकता थी, जिसे निःशुल्क वितरित कर उन्हें राहत दी गई। साथ ही मोतियाबिंद के मरीजों को चित्रकूट भेजा जहां ट्रस्ट द्वारा आगे की चिकित्सा निःशुल्क कराई जा रही है। ट्रस्ट का प्रयास है कि गांव-गांव स्वास्थ्य सेवा पहुँचे और जरूरतमंद व्यक्ति इलाज से वंचित न रहे। इसमें उनाव से चित्रकूट तक का यात्रा व्यय , भोजन ,नास्ता ,लेन्स, व लेंस प्रत्यारोपण ,आवास सब कुछ ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क है।

नेत्र परीक्षण शिविर के संयोजक समाजसेवी कुशल पाल सिंह ठाकुर परासरी ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य सिर्फनेत्र परीक्षण तक सीमित नहीं था, बल्कि यह एक समग्र नेत्र सेवा शिविर है। सेवा का असली उद्देश्य तभी पूर्ण होता है जब जरूरतमंद को समय पर सही सुविधा मिले। सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का समापन उनाव के पंचायत भवन में हुआ।

# छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण, सेवा भावना, अनुशासन और नेतृत्व विकास का श्रेष्ठ मंच है स्काउटिंग : मिश्रा

दतिया। भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश जिला संघ दतिया की वार्षिक कार्यकारिणी बैठक वुधवार को जिला संघ मुख्यालय पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त स्काउट विक्रम सिंह बुंदेला द्वारा की गई एवं मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी यू. एन. मिश्रा उपस्थित रहे। बैठक में पिछले कार्यवृत्त की स्वीकृति, स्थानीय संघों के निर्वाचन व तदर्थ समिति गठन, जिला कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र के विकास, दल पंजीयन एवं नवीनीकरण, आदर्श दलों के चयन, पदाधिकारियों की क्षेत्रीय यात्राओं का व्यय भुगतान, तथा वर्ष 2025-26 के आय-व्यय अनुमोदन पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी यू. एन. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड संगठन केवल गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण, सेवा भावना, अनुशासन और नेतृत्व विकास का श्रेष्ठ मंच एवं सर्वांगीण विकास का श्रेष्ठ माध्यम है । इसे विद्यालयों में और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता है। बैठक का संचालन अतिबल सिंह , द्वारा किया गया। अंत में जिला कोषाध्यक्ष महेन्द्र शर्मा ने उपस्थित सभी सदस्यों, अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। इस दौरान प्राचार्य रामेश्वर दीक्षित ,वी के पटवा, ऋषिकेश श्रीवास्तव, अभिराम शर्मा,जयराम पटवा ,लक्ष्मी राय, राजेन्द्र प्रजापति उपस्थित रहे।

### सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट

दतिया। शहर में नगर पालिका सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बुधवार को राजेश मेट के साथ रजक परिवार द्वारा ड्यूटी के दौरान मारपीट कर दी जिससे आक्रोशित सफाई कर्मचारियों ने थाना सिविल लाइन पहुंचकर एएफआई की मांग की है। सिविल लाइन थाना प्रभारी को आवेदन लेकर जांच के बाद कार्यवाही की बात कही। राजेश मेट रोज की तरह ही सफाई कार्य में लगे हुये थे इसी बीच वार्ड नंबर 33 गंजी के हनुमान जी के पास रजक परिवार द्वारा बेड़ा साफकरने को लेकर राजेश मेट के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के बाद सफाई कर्मचारी ने अपने अधिकारियों को मामले की सूचना दी और सिविल लाइन थाने पहुंचे एवं संजय रजक, राजीव रजक, कमलेश रजक एवं उनकी मां पर भी मारपीट करने के आरोप लगाये है। सफाई कर्मचारी सिविल लाइन थाने परिसर में एकत्रित हुये और एफआईआर की मांग करते हुये नारेबाजी की।

# महापौर की यह कैसी कवायद एक घंटे की मूसलाधार बारिश से पूरा शहर हुआ जलमग्न

### नगर निगम की सफाई व्यवस्था की खुली पोल, लोगों को करना पड़ा परेशानियों का सामना

**निज संवाददाता**

मुरैना। पिछले तीन-चार दिन की उमस के बाद बुधवार को अचानक मौसम में परिवर्तन हुआ सुबह 10:00 बजे हल्की बूंदाबांदी के बाद दोपहर 2:00 बजे के लगभग अचानक आसमान में बादल काले हो गए और मूसलाधार बारिश के कारण पूरा शहर एवं शहर के प्रमुख बाजार जलमग्न हो गए तथा लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई इलाके तो ऐसे हैं, जहां दूसरे दिन तक भी पानी का निकास नहीं हो सकेगा। इस एक घंटे की जबरदस्त बारिश ने महापौर द्वारा अपनी देखरेख में कराई जा रही सफाई व्यवस्था को भी पलीता लगा दिया है। नगर निगम दावा कर रही थी कि नाले-नालियों की साफ-सफाई का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है और आगामी बारिश में लोगों को राहत मिलेगी, लेकिन और अधिक मुसीबत खड़ी हो गई है।बुधवार की सुबह 10:00 अचानक मौसम परिवर्तित हुआ और तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके 3 घंटे पश्चात लगभग 2:00 बजे के आसपास एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदला और आसमान में घने काले बादल छा गए, इसके साथ ही मूसलाधार बारिश होने लगी। बारिश इतनी तेज थी कि एक घंटे में पूरा शहर लबालब हो गया। कोई भी इलाका, मुख्य मार्ग और प्रमुख बाजार शेष नहीं रहा, जहां पर घुटनों तक पानी न था। लोगों के घरों और दुकानों तक में पानी घुस गया। सड़कों पर पानी के ऊपर गंदगी तैरती नजर आ रही थी और पैदल रहागीरों को निकलने में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। शहर के सदर बाजार, झंडाचैक, मारकंडेश्वर बाजार, पंसारी बाजार, लोहिया बाजार, सराफा बाजार, नाला नंबर दो, एमएस रोड सहित सरकारी दफ्तर एवं अनेक बस्तियों मे भारी जल भराव होने से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग द्वारा 24 घंटे जोरदार बारिश का अल्टीमेटम दिया गया है।उल्लेखनीय बात यह है कि नगर निगम महापौर द्वारा पिछले कुछ दिन अपने मार्गदर्शन में नगर निगम की टीम के साथ नाला व नालियों की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन यह सफाई व्यवस्था मूसलाधार बारिश के आगे फैल साबित हो गई। बारिश के कारण शहर में चारों ओर गंदगी ही गंदगी दिखाई दे रही थी। प्रतिवर्ष बारिश होती है और यह प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारियों को अच्छी तरह पता है, बावजूद इसके बरसात से पूर्व नाला नालियों की सफाई सुनिश्चित नहीं की जाती और इसके चलते बारिश के मौसम में आम जनता को परेशानी उठानी पड़ती है।



## भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**निज संवाददाता**

मुरैना। मुरैना जिले के अंतर्गत यह संज्ञान आया है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालकर कानून व्यवस्था बिगाड़ने की स्थिति निर्मित की जा सकती है। इस उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंकित अस्थाना ने मुरैना जिले के सम्पूर्ण राजस्व सीमान्तर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया हैआदेश में लिखा है कि कोई भी व्यक्ति विभिन्न इन्टरनेट तथा सोशल मीडिया के प्लेटफार्म फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, एस.एम.एस. इंस्टाग्राम आदि संसाधनों का दुरूपयोग धार्मिक, सामाजिक, जातिगत व धार्मिक आदि भावनाओं को भड़काने में नहीं करेगा और न ही उक्त कार्य करने हेतु प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति महिला एवं अल्पसंख्यक वर्ग या समुदाय, जाति विशेष के विरुद्ध प्रतिकूल टिप्पणी नहीं करेगा ना ही अफवाह फैलायेगा और न सोशल मीडिया लाइक या फारवर्ड करेगा। ग्रुप एडमिन की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके। मुरैना जिले में शस्त्र लेकर चलना प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के प्रावधानों के अन्तर्गत एकपक्षीय रूप से पारित किया गया है। आदेश के उल्लंघन करते पाये जाने पर संबंधित पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 व अन्य प्रासंगिक धाराओं के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाई की जा सकेगी। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पुलिस, समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी, समस्त थाना प्रभारी जिला मुरैना को अधि.त किया है। यह आदेश 21 सितम्बर 2025 तक प्रभावशील रहेगा।

# नवजात बच्चे की मौत पर जिला अस्पताल में हंगामा बच्चा बदलने का माता-पिता ने लगाया आरोप

### पीड़ित का आरोप डॉक्टर और स्टाफ ने मृत बच्चा थमाकर जिंदा बच्चे का किया सौदा

**निज संवाददाता**

मुरैना। शहर के जिला चिकित्सालय की साख पर डॉक्टर एवं स्टाफ द्वारा बट्टा लगाया जा रहा है और लोगों का विश्वास इस अस्पताल के प्रति कम होता जा रहा है। आए दिन ऐसे कारनामे देखने और सुनने को मिलते हैं, जिससे चिकित्सकिय कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बुधवार को सामने आया। मंगलवार को माता-पिता डिलीवरी होने के बाद स्वस्थ बच्चे को घर लेकर गए, लेकिन डॉक्टर एवं स्टाफ द्वारा फिर से बच्चे को बुला लिया गया और रात भर भरती रखा, सुबह उसकी मौत होना बता दिया गया। इसके बाद जिला अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ। पीड़ित माता-पिता का आरोप है कि डॉक्टर एवं स्टाफ द्वारा दूसरे के मृत बच्चे को उन्हें थमा दिया गया तथा उनके बच्चे को बेच दिया गया है।फरियादी प्रमोद ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए आवेदन में बताया कि उसकी पत्नी सिमरन अपौरिया का प्रथम प्रसव 19 जुलाई 2025 को जिला चिकित्सालय मुरैना पर ऑपरेशन के द्वारा हुआ। प्रसव के दौरान मेरी पत्नी ने पुत्र को जन्म दिया। प्रसव उपरांत प्रसूता व पुत्र को डॉक्टर्स ने अपनी निगरानी में रखा, उसके उपरांत 30 जुलाई 2025 को मेरे पुत्र व प्रसूता को वार्ड में शिफ्ट कर



पुत्र को माता-पिता की सुपर्दगी में दिया। बच्चा पूर्ण स्वस्थ था। उसके उपरांत 22 जुलाई मंगलवार को दोपहर में प्रसूता व पुत्र का चिकित्सालय से डिस्चार्ज किया तथा चिकित्सालय द्वारा बताया गया कि डिस्चार्ज पेपर शाम को आकर ले लेना। पीड़ित पिता प्रमोद मंगलवार की शाम उक्त प्रसव के डिस्चार्ज पेपर लेने चिकित्सालय गया तो वहां पर मौजूद स्टाफ व डॉक्टर ने बच्चे को पुनः हॉस्पीटल लाने को कहा। प्रमोद ने उनके आदेश का पालन कर बच्चे को हॉस्पीटल लेकर गया, बच्चा पूर्ण स्वस्थ था व माँ का दूध पी रहा था। इसके बावजूद भी चिकित्सालय के कर्मचारी व डॉक्टर द्वारा बच्चे को गम्भीर बीमारी बताते हुये बच्चे को उससे छीनकर जबरदस्ती अपनी सुपुर्दगी में ले लिया और कहा कि बच्चा रात भर चिकित्सालय में भी रहेगा। प्रमोद ने कई बार रात्रि में चिकित्सालय से पदस्थ कर्मचारियों से कहा कि बच्चे को माँ एवं को दूध पिलाना है, किन्तु कर्मचारियों ने मुझे व मेरी पत्नी को बच्चे से नहीं मिलने दिया और ना ही दूध पिलाने दिया। कहा कि बच्चे का इलाज चल रहा सुबह आकर मिलना। जब प्रमोद और उसकी पत्नी 23 जुलाई बुधवार की सुबह चिकित्सालय पहुंचे तो ड्यूटी पर पदस्थ डॉक्टर ने कहा कि तुम इस फार्म पर इस्ताक्षर करो तुम्हारे बच्चे की हालत सीरियस है, जब मैंने डॉक्टर से कहा कि मेरा बच्चा पूर्ण स्वस्थ है, मुझे मेरे बच्चे को दिखाओ, जब डॉक्टर ने एक मृत बच्चे को मेरे सामने लाकर रखा जो कि मेरी पत्नी से जन्मा बच्चा नहीं था। इसी बात पर वहां पदस्थ डॉक्टर विक्रम भदोरिया एवं अन्य स्टाफ द्वारा अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की गई तथा मारपीट कर धमकी दी गई और कहा कि शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज करवा देंगे। प्रमोद ने आरोप लगाया है कि उक्त डाक्टर एवं स्टाफ द्वारा दूसरे का मृत बच्चा उसे दे दिया गया है और उसका बच्चा बेच दिया गया है। पीड़ित ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से तत्काल निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# जिला स्तरीय उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक सम्पन्न



**निज संवाददाता**

मुरैना। जिला स्तरीय उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक कलेक्टर अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन (एमपीआईडीसी), बानमोर में संपन्न हुई। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में हो रहे अवैध अतिक्रमण, अवैध वसूली, औद्योगिक क्षेत्र के रख-रखाव, औद्योगिक क्षेत्र बानमोर में हो रहे प्रदूषण एवं बानमोर में होने वाली ट्रेफिक जाम की समस्याओं के संबंध में चर्चा की गयी। इस संबंध में कलेक्टर ने समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये एवं समस्याओं के निराकरण के लिए जारी एकीकृत हेल्पलाइन नंबर पर दर्ज शिकायतों का त्वरित निराकरण करने का आश्वासन दिया। बैठक में बानमोर औद्योगिक संघ के अध्यक्ष संजय शर्मा एवं सचिव के.के. मित्तल, लघु उद्योग भारती, बानमोर के अध्यक्ष सुदीप शर्मा के साथ लगभग 25 उद्योगपति और महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मुरैना बृजलाल मरकाम, एमपीआईडीसी के ईई राकेश सिंह चैहान, मप्र विद्युत वितरण कंपनी के डीई भूपाल शरण, सहायक संचालक उद्योग संजय सिंह चैहान, बानमोर तहसीलदार श्रीमती वंदना यादव, एनएचएआई के प्रतिनिधि, सीएमओ नगर पालिका बानमोर के प्रतिनिधि, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि, श्रम विभाग की प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित थे।

## भूतपूर्व सैनिक से अस्थाई लिपिक के पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**निज संवाददाता**

मुरैना। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि मध्यप्रदेश भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति मुरैना शाखा के लिए अस्थाई लिपिक पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। जिसमें भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 50 वर्ष एवं सिविलयन के लिए 45 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता स्नातक, बीकॉम, कम्प्यूटर का विस्तृत ज्ञान, टाइपिंग हिन्दी व अंग्रेजी, लेखा व कर निर्धारण संबंधी जानकारी, हिन्दी व अंग्रेजी में भाषा, चरित्र उत्तम होना चाहिए। सकल वेतन 16 हजार 700 रूपये रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी 28 जुलाई तक अपना आवेदन जिला सैनिक कार्यालय मुरैना में डाक या ई-मेल आईडी पर भेज सकते है। प्रतिभागी का चयन लिखित परीक्षा, टाइपिंग टेस्ट, कम्प्यूटर टेस्ट एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। परीक्षा 04 अगस्त को प्रातः 09 बजे जिला सैनिक कार्यालय मुरैना में आयोजित की जायेगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

# गुरुपुष्य एवं सिद्धि योग में आज मनाई जाएगी हरियाली अमावस्या

**निज संवाददाता**



मुरैना। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरियाली अमावस्या पर्व 24 जुलाई को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। यू तो हर महीने की कृष्ण पक्ष की अमावस्या आती है, लेकिन हरियाली अमावस्या की बात ही विशेष है। वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद जैन ने बताया कि इस बार की हरियाली अमावस्या विशेष योग के साथ आने से विशेष फल देगी। अमावस्या तिथि 23 जुलाई बुधवार को रात्रि 02:28 बजे प्रारंभ होगी और 24 जुलाई गुरुवार की रात्रि 12:40 बजे समाप्त होगी। इस अमावस्या के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, सिद्धि योग एवं शाम 04:43 बजे से गुरुपुष्यमृत योग रहेगा। इन सब योगों के एक साथ होने से यह तिथि खास तिथि बनेगी। इसमें अपने पूर्वजों की याद में एक पौधा रोपड़ अवश्य करे तो पितृ दोष, कालसर्प दोष, शनि की साढ़े साती दशा के अशुभ प्रभाव से छुटकारा मिल सकता है। डॉ. जैन ने कहा कि उत्तर भारत में श्रावण माह कृष्ण पक्ष की अमावस्या को हरियाली अमावस्या के रूप में बनाई जाती है। जो इस बार 24 जुलाई गुरुवार को मनाई जाएगी।

### इस अमावस्या को अत्यंत शुभ माना जाता है

उत्तर भारत के विभिन्न मंदिरों में खासतौर से मथुरा एवं वृंदावन में इस अवसर पर विशेष दर्शन का आयोजन किया जाता है। श्रीकृष्ण जी के इस दिन दर्शन के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। इस दिन द्वारिकाधीश और बांकेबिहारी मंदिरों के अलावा शिव मंदिरों में भी भक्तों की खासी भीड़ रहती है। इस दिन लोग प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और अपने पित्रों की याद में पेड़ पौधे लगाते हैं। हरियाली अमावस्या पितरों को समर्पित है, इसलिए इस दिन पितरों के नाम पर दान और तर्पण का विशेष महत्व है।

## दलजीत का पुरा हत्याकांड के दो इनामी शेष आरोपी हथियार सहित गिरफ्तार

**निज संवाददाता**



मुरैना। जिले की अंबाह थाना पुलिस ने एक महापूर्व दलजीत का पुरा गांव में हुए हत्याकांड के छः आरोपियों में शेष बचे दो इनामी आरोपियों को मंगलवार की शाम मुखबिर की सूचना पर से गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार बरामद किए हैं।अंबाह थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि दलजीत का पूरा हत्याकांड के शेष 5.5 हजार रुपए के दो इनामी आरोपी मोहर सिंह गुर्जर एवं धर्मवीर सिंह गुर्जर मंगलवार की शाम गांव में आए हुए हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार 315 बोर की दो राइफल जप्त कर आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि दलजीत का पुरा गांव में 12 जून को जमीन विवाद के चलते 6 आरोपियों द्वारा सतीश गुर्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, इसमें से चार आरोपी पूर्व में गिरफ्तार हो चुके हैं।

# लाठी सरिया से युवक पर प्राण घातक हमला, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**निज संवाददाता**

मुरैना। जिले के जौरा थाना अंतर्गत कांसपुरा के पास दांगी बाबा के दर्शन कर लौट रहे एक युवक पर चार पांच आरोपियों ने लाठी सरिया से प्राण घातक हमला कर लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद आरोपी फरार बताए गए हैं। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने रामबरन कुशवाह सहित चार अन्य आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राहुल शर्मा पुत्र दिलीप शर्मा निवासी बजरंगबली कॉलोनी इस्लामपुरा जोरा ने पुलिस को बताया कि बुधवार की दोपहर 1:00 बजे के लगभग वह दांगी बाबा के मंदिर पन्नू का पुरा से अपनी मोटरसाइकिल से जौरा आ रहा था, पीछे-पीछे बाइक पर मेरा



भाई विष्णु शर्मा व शिवम वर्मा भी आ रहे थे, तभी रास्ते में कासपूरा चैराहे पर रामबरन कुशवाह निवासी कांसपुरा, उसके दो बेटे एवं एक अज्ञात व्यक्ति अपने हाथों में सरिया और लाठी लेकर बाइक रोककर मां-बहन की गालियां देकर कहने लगे कि तू सिंघोरा गुर्जर है, मैंने कहा नहीं मैं तो जौरा का राहुल शर्मा हूं। उन्होंने मेरी बात नहीं सुनी और चारों आरोपियों ने लाठी सरिया से प्राण घातक हमला कर उसे घायल कर दिया। जाते-जाते आरोपी उसे जान से मारने की धमकी भी दे गए। इतने में पीछे से बाइक से मेरे भाई आ गए, उन्हें देखकर आरोपी मौके से भाग निकले। घायल राहुल को जौरा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मुरैना रेफर कर दिया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों के मामला दर्ज कर लिया गया है।

# मध्य प्रदेश किसान सभा का इकाई सम्मेलन सम्पन्न

**निज संवाददाता**



कैलारस। किसान सभा का ग्राम इकाई सम्मेलन बस्तौली में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का उद्धाटन वरिष्ठ किसान नेता गया राम सिंह धाकड़ ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार अमरीका के साथ मुक्त व्यापार समझौता करके देश की खेती को कंपनियों को सौंपने पर आमादा है। इससे खेती तबाह हो जाएगी, हमें खेती को बचाने के लिए,देश को बचाने के लिए आगे आना होगा। साथ ही उन्होंने जनमुद्दों पर भी संघर्ष को आगे बढ़ाने का आग्रह किया।सम्मेलन में किसान कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं एवं उनकी स्थिति आदि को भी सम्मेलन में विस्तार से बताया। उस पर कार्यवाही करने का भी निर्णय लिया व ग्राम इकाई का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रामनिवास धाकड़, उपाध्यक्ष प्रहलाद, महासचिव चंद्रपाल सिंह धाकड़, सह सचिव नरसिंह,सोनेराम चुनें गए। सम्मेलन का समापन किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने किया। उन्होंने नवनिर्वाचित समिति को बधाई देते हुए उनके कार्यों को विस्तारित तोर पर बताया और दायित्वों को पूरा करने का आग्रह किया। इसी तरह अन्य गांवों में सम्मेलनों के बाद तहसील और जिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

ग़ज़ल

# घायल हूँ आपकी नजर से...!

घायल हो गया हूँ आपकी %नजर% से,
मुझे पागल न कीजिए इस कदर से।

मेरी यादों से दूर अब कभी न जाना,
मालूम है तुम्हें बहाना आता बनाना।

जो हसीन लम्हें हमने साथ गुजारे हैं,
हाँ, वो आधे तुम्हारे और आधे मेरे हैं।

ज़िंदगी पे कब किसी का इख्तियार,
हमें करना आता है बस तुमसे प्यार।

मेरी निगाह से कभी ओझल न होना,
प्यार पहले मिट्टी था अब हुआ सोना।

**संजय एम तराणेकर**

**(कवि, लेखक व समीक्षक)**

**इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)**



# सेहत के लिए शक्कर के खिलाफ़ विश्वयुद्ध-भारत से यूएई तक चीनी कम अभियान-यूएई में 1जनवरी 2026 से चीनी आधारित टैक्स सिस्टम लागू



NA20200930

कम अभियान-यूएई में 1जनवरी 2026 से चीनी आधारित टैक्स सिस्टम लागू सेहत के लिए शक्कर एक धीमा जहर है,इसके खिलाफ़ भारत के साथ यूएई ने भी कमर कसी- दीर्घकालीन रणनीति पर काम शुरूमधुमेह मोटापे जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को कम करने, स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों को वित्तीय प्रोत्साहन की वैश्विक रणनीति सराहनीय-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र गोंदिया - वैश्विक स्तरपर जहां एक और दुनियाँ युद्ध के साए में घिरी हुई है, तो दूसरी ओर अब मानवीय स्वास्थ्य को लेकर विश्व में दीर्घकालिक मंथन शुरू हो गया है। क्योंकि वर्षो पुरानी कहावत हेल्थ इज़ वेल्थ अब हर देश के सरकारों को पूरी तरह समझ में आ गई है,इसलिए अब 106 से अधिक देशों ने कार्बोनेटेड ड्रिंक पर विशेष कर या उपकर लगाया जाता है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि भारत में तो तंबाकू शराब इलेक्ट्रॉनिक इलेक्ट्रिकल स्मोकिंग डिवाइसेस एनर्जी ड्रिंक्स पर अधिक टैक्स लगाए जाते हैं, परंतु यूएई में इस पर अब 100 पेर्सेंट टैक्स होगा,यानें अब वहां एक जनवरी 2026 से जिस कोल्डड्रिंक या किसी भी पेय पदार्थ में शक्कर अधिक होगी तो उसपर उतना ही अधिक टैक्स लगाया जाएगा, यानें अब टैक्स रिटेल प्राइस पर नहीं बल्कि अधिकतम चीनी प्रयोग पर टैक्स लगाया जाएगा तो, भारत में अभी स्कूलों शासकीय कार्यालयों सार्वजनिक स्थानों सहित हर जगह वसा यांने शक्कर की मात्रा विभिन्न खाद्य पदार्थों में कितनी है उस जानकारी के बोर्ड हर स्थान पर लगाने होंगे, क्योंकि अब पूरी दुनियाँ हेल्थ इस वेल्थ के सूत्र को स्वीकृत कर इस दिशा में तेजी से कदम आगे बढ़ा रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मधुमेह मोटापे जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को कम करने, स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों को वित्तीय प्रोत्साहन की वैश्वीकरण नीति लागू करने की ओर कदम बढ़ा दिए गए हैं, इसीलिए सेहत के लिए शक्कर के खिलाफ विश्वयुद्ध, भारत से यूएई तक चीनी कम अभियान शुरू, यूएई में 1 जनवरी 2026 से कोल्डड्रिंक व पेय पदार्थों पर, चीनी आधारित टैक्स लगेगा। साथियों बात अगर हम चीनी के अधिकतम सेवन से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की करें तो,वैश्विक स्तरपर, चीनी के अत्यधिक सेवन से स्वास्थ्य पर कई नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं, जिनमें मोटापा, हृदय रोग, टाइप 2 मधुमेह, यकृत रोग और दांतों की सड़न शामिल हैं। इसलिए, चीनी के सेवन को कम करने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए वैश्विक स्तरपर कार्रवाई शुरू करना महत्वपूर्ण है।चीनी, और विशेष रूप से मीठे पेय पदार्थों की खपत को कम करने के प्रयास में, दुनियाँ भर की सरकारों ने मीठे पेय पदार्थों पर कर लगाने सहित कई रणनीतियां लागू की हैं।मेक्सिको ने 10 पेर्सेंट ÷चीनी कर÷ लागू किया है , जिसके परिणामस्वरूप चीनी- मीठे पेय पदार्थों की खपत में 12पेर्सेंट की कमी आई है। फ्रांस और चिली ने भी इसी तरह के कर लागू किए हैं, जबकि इंडोनेशिया, भारत और फिलीपींस जैसे अन्य देश चीनी पर कर लगाने पर विचार कर रहे हैं।कैंसर रिसर्च यूके और यूके हेल्थ फ़ोरम की एक रिपोर्ट के अनुसार , ब्रिटेन में चीनी-मीठे पेय पदार्थों पर कर लगाने से अगले 10 वर्षों में 37 लाख लोगों को मोटापे से बचाया जा सकता है। सर्वेक्षण में शामिल आधे से ज़्यादा ब्रिटिश जनता ने इस कर का समर्थन किया है। साथियों बात अगर हम संयुक्त अरब अमीरात में 1 जनवरी 2026 से मीठे पेय पदार्थों पर अतिरिक्त टैक्स लगाने की करें तो, यूएई मीठे पेय पदार्थों पर एक नया चीनी-सामग्री-आधारित उत्पाद शुल्क लागू करेगा, वित्त मंत्रालय और संघीय कर प्राधिकरण (एफटीए) ने शुक्रवार, 18 जुलाई 2025 को घोषणा की।यह कदम स्वस्थ उपभोग की आदतों को बढ़ावा देने तथा जनसंख्या में चीनी के सेवन को कम करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।संशोधित मॉडल के तहत, कर अब एक समान 50 प्रतिशत की दर से नहीं लगाया जाएगा।इसके बजाय, इसकी गणना प्रति 100 मिलीलीटर चीनी की मात्रा के आधार पर की जाएगी-अर्थात, उच्च चीनी स्तर वाले उत्पादों पर अधिक कर लगाया जाएगा, जबकि कम चीनी वाले लोगों को कम दर का भुगतान करना पड़ सकता है।यह पहल बेहतर आहार संबंधी आदतों को बढ़ावा देने और मधुमेह व मोटापे जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को कम करने की यूएई की दीर्घकालिक रणनीति के अनुरूप है। स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों को वित्तीय प्रोत्साहन देकर, अधिकारी उपभोक्ताओं और निर्माताओं, दोनों को स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक विकल्पों की ओर प्रेरित करने की उम्मीद करते हैं।मंत्रालय ने एक बयान में कहा,÷संशोधित ढाँचा जन स्वास्थ्य और सतत कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। हम दीर्घकालिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए राजकोषीय नीति का लाभ उठा रहे हैं साथियों बात अगर हम भारत में कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पर टैक्स की करें तो,इसपर कई देशों में उच्च कर लगाया जाता है, जिसे अक्सर ÷चीनी कर÷ या ÷सॉफ्ट ड्रिंक टैक्स÷ कहा जाता है। भारत में भी, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पर 28 पेर्सेंट जीएसटी और 12 पेर्सेंट क्षतिपूर्ति उपकर लगता है, जिससे कुल कर 40 पेर्सेंट हो जाता है।उच्च कर का कारण~ कार्बोनेटेड ड्रिंक, विशेष रूप से जिनमें चीनी की मात्रा अधिक होती है, को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। इसलिए, कई सरकारें इनपर उच्च कर लगाकर लोगों को इनके सेवन से हतोत्साहित करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की कोशिश करती हैं मीडिया के अनुसार, 106 से अधिक देशों में कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पर विशेषकर या उपकर लगाए जाते हैं।दरअसल, सरकार को इन ड्रिंक्स पर अभी तक लागू 28 फीसदी के जीएसटी स्लैब को कम किए जाने का अनुरोध मिला है,महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम ने केंद्रीय वित्तमंत्री से कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पर लागू जीएसटी को तर्कसंगत बनाने का आग्रह किया है,हालांकि, इस पर फैसला आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में होगा। साथियों बात अगर हम अधिक शक्कर सेवन से होने वाली स्वास्थ्य हानि की करें तो,इंसान की जीभ में पांच तरह के टेस्ट बड्स होते हैं। इनसे ही हमें मीठे, नमकीन, खट्टे, कड़वे और तीखे का अहसास होता है। इनमें सबसे शक्तिशाली है मीठे का स्वाद। इतना शक्तिशाली कि दुनिया की सबसे बेस्वाद और कड़वी चीजें भी शक्कर में लिपटी हों तो स्वादिष्ट लगने लगती हैं।दुनिया में अनगिनत लोग इसी मीठे के नशे में डूबे हुए हैं। इन लोगों को चीनी के स्वाद से मुहब्बत है। लेकिन शायद ये लोग नहीं जानते कि यह चीनी ही उनकी असली दुश्मन है। चीनी दुनिया का सबसे खतरनाक और एडिक्टिव ड्रग है, अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के मुताबिक चीनी इंसान के लिए किसी बंदूक से ज्यादा घातक है। ज्यादा चीनी खाने से हर तरह की बीमारी होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इससे मोटापा, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, अल्जाइमर्स जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ये हेल्थ कंडीशन हार्ट डिजीज, स्ट्रोक और कैंसर के खतरे को भी बढ़ा सकती हैं। साल 2015 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सलाह दी थी कि लोगों को अपना डाइट प्लान इस तरह बनाना चाहिए कि एक दिन के टोटल कैलोरी इंटेक का 5 परेसेंट से ज्यादा ऐडेड शुगर से न आए। यानी अगर आप दिनभर में 2,000 कैलोरीज ले रहे हैं तो अधिकतम 100 कैलोरी ही ऐडेड शुगर से आए। यह लगभग 6 चम्मच चीनी खाने के बराबर होगा।अधिक चीनी खाने से कई गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। लेकिन, कुछ असर नजर आ सकते हैं। (1) थकान महसूस होती है। (2) मूड खराब हो जाता है। (3) पेट में आती सूजन~ (4) ज्यादा भूख लगती है।ज्यादा चीनी खाने से लंबे समय में होने वाले नुकसान बेहद खतरनाक हैं।(5)दांत सड़ सकते हैं (6) मुंहासे हो सकते हैं। – **एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया**

# यह कैसी अराजकता कैसी विडंबना बना?



भारत देश अनेक धर्म व संप्रदायों से जुड़ा हुआ देश है फिर भी यहाँ हर व्यक्ति को अपने धर्म को अपने अनुसार अपनाने व मनाने की पूरी स्वतंत्रता है यह हमारी विडंबना ही है कि हम अपने धर्म को ऊंचा मानते हैं और दूसरे के धर्म को नीचा दिखाने की कोई कसर नहीं छोड़ते! अभी जैसे फिलहाल में कावड़ यात्रा को दूषित करने का प्रयास किया गया यह कहाँ तक उचित है? हमें कम से कम यह सोचना चाहिए, विचार करना चाहिए कि जिस भारत देश में हमें ऊंचा उठने के लिए समस्त सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं और हमारे साथ कोई बुरा व्यवहार नहीं किया जा रहा है तो क्या हमारा भी फर्ज नहीं बनता कि उसे देश की तरक्की में, उस देश के त्योहारों में हम भी साथ दें और सबके साथ मिलकर चलें?? कभी-कभी तो बाहर से कुछ उपद्रवी दल मिल जाता है और सारा का सारा भांडा इन भक्तों के ऊपर ही फोड़ दिया जाता हैद्य

## आखिर यह कहाँ का न्याय है भाई??

आवश्यकता है सर्वप्रथम हमें अपने बच्चों को अपने धार्मिक संस्कार देने की! क्या कभी आपने पूर्ण रूप से अपने ग्रंथों या ऐतिहासिक पुस्तकों को पढ़ा?? नहीं ना??तो फिर हम अपनी युवा पीढ़ी से कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि उन्हें उस रामायण या महाभारत के पात्रों के बारे में जानकारी हो, जिनकी हमने कभी जांच पड़ताल ही नहीं की द्य जिनके बारे में भी हमने कभी पढ़ने का कष्ट नहीं किया आज की तारीख में जिसे देखो वही फोन या आधुनिक यंत्रों पर लगा रहता है द्य चैट जीबी टी या ए आई तो भाई हमारे पर्सनल मित्र बन चुके हैंद्य

सप्ताह में कभी-कभी एक बार अपने परिवार के साथ बैठकर कभी रामायण महाभारत या अन्य ग्रंथों को पढ़ लेना भी अनिवार्य नहीं बल्कि आवश्यक यदि बना दिया जाए तो बहुत ही अच्छा है याद रखिए यदि हम इन अराजक तत्वों को जवाब नहीं देंगे तो एक दिन वह हमें और दुविधा में डाल देंगे हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को नैतिक गुणों व संस्कारों से इतना परिपक्व कर देना है कि वे मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ व मजबूत बन जाएँगे आइए हम सब मिलकर भारत की उन्नति व प्रगति में सहयोग दें ना कि भारत के मार्ग में रुकावट बनकर खड़े हो जाएँ द्य चाहे हम किसी भी धर्म या संप्रदाय से क्यों ना जुड़े हुए हों हमारा पहला कर्तव्य यही बनता है कि देश में अराजकता ना फैलाएँ व सब के साथ मिलकर चलें द्य

**वंदना घनश्याला की कलम से**



आस्था

श्रावण माह के कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि दिन गुरुवार

# Pakistan ने गलती से अपने ही ऊपर फोड़ ली शाहीन-III मिसाइल, तबाह कर लिया परमाणु केंद्र

शाहीन मिसाइल अपना निशाना चूंक गई, अपना रास्ता भटक कर पाकिस्तान के ऊपर ही फट गई। बताया जा रहा है कि ये शाहीन मिसाइल डेरा गाजी खान इलाके में एक परमाणु केंद्र के पास फटी है। जोरदार धमाका हुआ है। आपने वो कहावत तो सुनी होगी कि इनसान का वक्त खराब हो तो ऊंट पर बैठे व्यक्ति को भी कुत्ता काट लेता है। यानी कई बार सब प्रकार की सावधानी बरतने पर भी व्यक्ति का अहित हो जाता है। पाकिस्तान के साथ इन दिनों कुछ ऐसा ही हो रहा है। खराब नीयत से वो लगातार अपने पड़ोसी को नुकसान पहुंचाना चाहता है। लेकिन उसे हर बार भारी नुकसान उठाना पड़ता है। अब पाकिस्तान में इस वक्त भारी तबाही मच गई है क्योंकि पाकिस्तान ने इस बार ऐसी ही करतूत अपने देश में कर दी है, जिससे लोगों को जान बचाकर भागना पड़ गया है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान अपनी मिसाइलों का टेस्ट कर रहा था। शाहीन मिसाइल जिसे पाकिस्तान अपनी सबसे बड़ी ताकत मानता है। पाकिस्तान में उसका टेस्ट किया जा रहा था। हमारे काफी अच्छे संबंध हैं...Trump ने चीन की तरफ बढ़ाया दोस्ती का हाथ, जिनपिंग बोले- तो आइए कभी बीजिंग पाकिस्तान के ऊपर ही फट गई मिसाइल शाहीन मिसाइल अपना निशाना चूंक गई, अपना रास्ता भटक कर पाकिस्तान के ऊपर ही फट गई। बताया जा रहा है कि ये शाहीन मिसाइल डेरा गाजी खान इलाके में एक परमाणु केंद्र के पास फटी है। जोरदार धमाका हुआ है। ये इलाका बलूचिस्तान में बताया जा रहा है। शाहीन मिसाइल एक आबादी वाले क्षेत्र से 500 किलोमीटर दूर जाकर फटी। दहशत इतनी थी कि लोग घरों से बाहर निकलने से भी डरते नजर आ रहे हैं। बलूचिस्तान के नेताओं की तरफ से मिसाइल के मलबे को दिखाते हुए एक्स पर पोस्ट किया गया है। बताया गया है कि पाकिस्तान कैसे अपनी नाकामियां हर बार दिखाता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया से लेकर तमाम प्लेटफॉर्म पर पाकिस्तान की हंसी उड़ाई जा रही है। पाकिस्तान की शाहीन-III मिसाइल की ताकत शाहीन को पाकिस्तान की सबसे ताकतवर मिसाइल माना जाता है। पाकिस्तान की शाहीन-3 उसकी सबसे लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी मारक क्षमता 2,750 किलोमीटर है। ये अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित पूरे भारत को निशाना बनाने के लिए पर्याप्त है। ठोस ईंधन वाली यह सड़क-चालित मिसाइल परमाणु या पारंपरिक आयुध ले जा सकती है और इसे तीव्र प्रक्षेपण और उत्तरजीविता के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी गति (ध्वनि की गति से 18 गुना तक) और गतिशीलता इसे एक विश्वसनीय निवारक बनाती है, जिससे अवरोधन के प्रयास जटिल हो जाते हैं। शाहीन-3 को पाकिस्तान की स्ग्नत्रङ्क-सक्षम अबाबील मिसाइल से भी पूरित किया गया है, जो मिसाइल सुरक्षा को ध्वस्त करने के लिए कई आयुध तैनात कर सकती है। अभी भी भारतीय एयरस्पेस में नहीं जा सकेंगे पाकिस्तानी विमान, बढ़ाया गया बैन चीनी माल ने दिया धोखा पाकिस्तान ने इसे साल 2000 में चीन की तकनीक की मदद से बनाना शुरू किया था। अब ऐसे में



चीनी माल है तो जाहिर सी बात है कि उस पर भरोसा करना पाकिस्तान के लिए घातक हो सकता है और ऐसा हुआ भी। पाकिस्तान इसे अपनी रक्षा रणनीति का हिस्सा मानता है। आपको याद होगा कि पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद कैसे भारत पर शाहीन मिसाइल दागने का दावा किया था। हालांकि भारत ने इसे अपने एयर डिफेंस सिस्टम से मिसाइल को आसमान में ही तबाह कर दिया था। पाकिस्तान ने किया शाहीन-III मिसाइल का टेस्ट 22 जुलाई को पाकिस्तान ने डेरा गाज़ी खान के रखशानी क्षेत्र से शाहीन-ढ्ढढ्ढ मिसाइल का परीक्षण किया। लेकिन बताया जा रहा है कि मिसाइल अपने लक्ष्य से भटक गई और बलूचिस्तान के डेरा बुगती ज़िले के मट क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह घटना मानव बस्तियों से आश्चर्यजनक रूप से केवल 500 मीटर की दूरी पर हुई। मिसाइल का मलबा लूप सेहरानी लेवी स्टेशन के ग्रेपवाइन घाटी में गिरा, जिससे एक ज़ोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट इतना तीव्र था कि बताया गया कि इसकी आवाज़ 20-50 किलोमीटर दूर तक सुनी गई, जिसकी गूंज बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा के कुछ हिस्सों तक पहुँची। सोशल मीडिया पर लोगों के डर से भागते हुए वीडियो की भरमार थी। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि मिसाइल डेरा गाज़ी खान परमाणु संयंत्र पर गिरी, जबकि कुछ का मानना था कि यह किसी दुश्मन के ड्रोन का हमला हो सकता है। भारत -पाकिस्तान के बीच का टकराव परमाणु युद्ध में बदल सकता था... छ्श्ठ्ठद्यस्र Trump ने फिर दोहराया अपना दावा घटना को दबाने की कोशिश ष्ठ्स घटना ने न सिर्फ पाकिस्तान की सैन्य क्षमता पर भी सवाल उठाए बल्कि बलूचिस्तान के लोगों की सुरक्षा को भी खतरे में डाल दिया। 22 जुलाई 2025 को इस हादसे के बाद पाकिस्तानी सेना ने इलाके में इंटरनेट बंद कर दिया। मीडिया को रोका और लोगों को घरों में रहने को कहा। डीजी खान कमिश्नर के प्रतिनिधि मज़हर शिरानी ने इस घटना को दबाने की कोशिश की और कहा कि यह संभवतः किसी लड़ाकू विमान से उत्पन्न ध्वनि विस्फोट था, जिसकी जाँच की जानी चाहिए। जिस शाहीन मिसाइल को लेकर पाकिस्तान इतना फुदकता है वो उस पर ही फट गई। डेरा गाज़ी खान में महत्वपूर्ण परमाणु केंद्र डेरा गाज़ी खान पाकिस्तान के सबसे बड़े परमाणु परिसर का भी स्थल है, जो यूरेनियम भंडारण और प्रसंस्करण के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा है। 1970 के दशक की शुरुआत में, पाकिस्तान परमाणु ऊर्जा आयोग (क्क्रश्वष्ट) ने यहाँ प्रतिदिन 10,000 पाउंड यूरेनियम प्रसंस्करण क्षमता वाला एक प्रायोगिक संयंत्र बनाया था। यह पाकिस्तान के परमाणु हथियार कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। अगर मिसाइल वास्तव में इस परिसर से टकराती, तो परिणाम विनाशकारी हो सकते थे, हालाँकि अधिकारी इस बात पर ज़ोर देते हैं कि कोई नुकसान नहीं हुआ।Pakistan ने गलती से अपने ही ऊपर फोड़ ली शाहीन-III मिसाइल, तबाह कर लिया परमाणु केंद्रशाहीन मिसाइल अपना निशाना चूंक गई, अपना रास्ता भटक कर पाकिस्तान के ऊपर ही फट गई। बताया जा रहा है कि ये शाहीन मिसाइल डेरा गाजी खान इलाके में एक परमाणु केंद्र के पास फटी है। जोरदार धमाका हुआ है। आपने वो कहावत तो सुनी होगी कि इनसान का वक्त खराब हो तो ऊंट पर बैठे व्यक्ति को भी कुत्ता काट लेता है। यानी कई बार सब प्रकार की सावधानी बरतने पर भी व्यक्ति का अहित हो जाता है। पाकिस्तान के साथ इन दिनों कुछ ऐसा ही हो रहा है। खराब नीयत से वो लगातार अपने पड़ोसी को नुकसान पहुंचाना चाहता है। लेकिन उसे हर बार भारी नुकसान उठाना पड़ता है। अब पाकिस्तान में इस वक्त भारी तबाही मच गई है क्योंकि पाकिस्तान ने इस बार ऐसी ही करतूत अपने देश में कर दी है, जिससे लोगों को जान बचाकर भागना पड़ गया है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान अपनी मिसाइलों का टेस्ट कर रहा था। शाहीन मिसाइल जिसे पाकिस्तान अपनी सबसे बड़ी ताकत मानता है। पाकिस्तान में उसका टेस्ट किया जा रहा था। हमारे काफी अच्छे संबंध हैं...Trump ने चीन की तरफ बढ़ाया दोस्ती का हाथ, जिनपिंग बोले- तो आइए कभी बीजिंग पाकिस्तान के ऊपर ही फट गई मिसाइल शाहीन मिसाइल अपना निशाना चूंक गई, अपना रास्ता भटक कर पाकिस्तान के ऊपर ही फट गई। बताया जा रहा है कि ये शाहीन मिसाइल डेरा गाजी खान इलाके में एक परमाणु केंद्र के पास फटी है। जोरदार धमाका हुआ है। ये इलाका बलूचिस्तान में बताया जा रहा है। शाहीन मिसाइल एक आबादी वाले क्षेत्र से 500 किलोमीटर दूर जाकर फटी। दहशत इतनी थी कि लोग घरों से बाहर निकलने से भी डरते नजर आ रहे हैं। बलूचिस्तान के नेताओं की तरफ से मिसाइल के मलबे को दिखाते हुए एक्स पर पोस्ट किया गया है। बताया गया है कि पाकिस्तान कैसे अपनी नाकामियां हर बार दिखाता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया से लेकर तमाम प्लेटफॉर्म पर पाकिस्तान की हंसी उड़ाई जा रही है। पाकिस्तान की शाहीन-ढ्ढढ्ढ मिसाइल की ताकतशाहीन को पाकिस्तान की सबसे ताकतवर मिसाइल माना जाता है। पाकिस्तान की शाहीन-3 उसकी सबसे लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी मारक क्षमता 2,750 किलोमीटर है। ये अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित पूरे भारत को निशाना बनाने के लिए पर्याप्त है। ठोस ईंधन वाली यह सड़क-चालित मिसाइल परमाणु या पारंपरिक आयुध ले जा सकती है और इसे तीव्र प्रक्षेपण और उत्तरजीविता के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी गति (ध्वनि की गति से 18 गुना तक) और गतिशीलता इसे एक विश्वसनीय निवारक बनाती है, जिससे अवरोधन के प्रयास जटिल हो जाते हैं। शाहीन-3 को पाकिस्तान की स्ग्नत्रङ्क-सक्षम अबाबील मिसाइल से भी पूरित किया गया है, जो मिसाइल सुरक्षा को ध्वस्त करने के लिए कई आयुध तैनात कर सकती है। पाकिस्तान ने इसे साल 2000 में चीन की तकनीक की मदद से बनाना शुरू किया था। अब ऐसे में चीनी माल है तो जाहिर सी बात है कि उस पर भरोसा करना पाकिस्तान के लिए घातक हो सकता है और ऐसा हुआ भी। पाकिस्तान इसे अपनी रक्षा रणनीति का हिस्सा मानता है। आपको याद होगा कि पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद कैसे भारत पर शाहीन मिसाइल दागने का दावा किया था। हालांकि भारत ने इसे अपने एयर डिफेंस सिस्टम से मिसाइल को आसमान में ही तबाह कर दिया था। – **महिमा राठौड़**

## ब्रीफ न्यूज

### भोपाल के हनुमानगंज में दुकान में आग, लाखों के ड्राई फरूट्स जलकर राख

**भोपाल।** भोपाल के हनुमानगंज स्थित एक ड्राई फरूट्स की दुकान में देर रात भीषण आग लग गई। करीब डेढ़ घंटे में आग काबू में आ सकी। आग से लाखों के ड्राई फरूट्स जलकर राख हो गए। जानकारी के अनुसार, शहर के व्यस्ततम एवं पुराने मार्केट हनुमानगंज गल्ला बाजार में ड्राई फरूट्स किराना व्यापारी अमित बत्रा की दुकान में मंगलवार-बुधवार की रात आग लगी थी। भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के महामंत्री विवेक साहू ने बताया कि वे हनुमानगंज मार्केट में ही रहते हैं। रात में एक दुकान में कुछ जलने की बदबू एवं धुआं निकलते देखा। यह दुकान शंकर बत्रा एवं अमित बत्रा की थी। जहां भीषण आग लगी थी। फायर ब्रिगेड के साथ पुलिसकर्मी भी पहुंचे। इसके बाद फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। करीब डेढ़ घंटे में आग बुझ सकी। कारोबारी अमित बत्रा एवं शंकर बत्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टता आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगना हो सकता है। अभी नुकसान का आकलन करना मुश्किल है। जनवरी को ही नई दुकान खोली थी।

### बैंकों में पैसा जमा करने वालों की संख्या बढ़ी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बैंकों में पैसा जमा करने वालों की संख्या और भरोसा, दोनों लगातार बढ़ रहे हैं। 2024 में देशभर में जमा में औसतन 11.5त्न की वृद्धि हुई, जबकि मध्यप्रदेश में 7.97त्न की ही ग्रोथ रही। प्रदेश के लोग साल-दर-साल करोड़ों रुपए बैंकों में रख रहे हैं। लेकिन जब यही लोग अपने कारोबार, खेती या निजी जरूरतों के लिए लोन मांगते हैं, तो बैंक पीछे हट जाते हैं। पूरे प्रदेश का औसत क्रेडिट-डिपॉजिट रेशियो सिर्फ 58.76त्न है, यानी लोग जितना पैसा जमा कर रहे हैं, उसका आधे से भी थोड़ा ज्यादा हिस्सा ही लोन के रूप में लौट रहा है। दूसरी तरफ, कृषि क्षेत्र में हर 100 में 12 लोन पर न वसूली हो रही, न ब्याज मिल पा रहा है। इसी वजह से बैंकों का भरोसा लोन देने से पहले ही डगमगाने लगता है। मगर सवाल ये है कि अगर जमा करते समय बैंक को लाभ दिखता है, तो लोन देते वक्त जोखिम ही क्यों दिखता है?

### ग्वालियर में कार ने कांवड़ियों को कुचला, 4 की मौत

**ग्वालियर।** ग्वालियर में आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर एक कार ने सड़क किनारे चल रहे कांवड़ियों को कुचल दिया। इसके बाद कार पलट गई। हादसे में तीन कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि एक घायल ने हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। दो की हालत गंभीर है। मृतकों में तीन एक ही परिवार के हैं। हादसा नेशनल हाईवे के शिवपुरी लिंक रोड स्थित शीतला माता मंदिर गेट के पास मंगलवार देर रात करीब 1 बजे हुआ। हादसे के बाद कार समेत कांवड़िए सड़क किनारे खाई में जा गिरे थे। कंपू, जनकगंज, झांसी रोड, माधौगंज थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को खाई से निकालकर जेएएच के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। डॉक्टरों ने तीन कांवड़ियों को मृत घोषित कर दिया। सीएसपी हीना खान ने बताया, कार काफी स्पीड में थी। इसी दौरान टायर फट गया, जिस कारण अचानक बेकाबू होकर कांवड़ियों को कुचलते हुए हाईवे से नीचे झाड़ियों में पलट गई।

### इंदौर में नवविवाहिता ने एसिड पीकर किया सुसाइड

**इंदौर।** इंदौर के चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक महिला की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उसके पति समेत 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मृतका के मायके पक्ष ने आरोप लगाया था कि महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था और उसका 14 साल का बेटा छीनकर ले जाने की धमकी दी जा रही थी। परेशान होकर महिला ने एसिड पीकर जान दे दी। घटना चंदन नगर के ई सेक्टर निवासी सायना बी की है, जिसने 30 जून को एसिड पी लिया था। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नवविवाहिता की संदिग्ध मौत होने के कारण मामले की जांच एसीपी अन्नपूर्णा शिवेन्दु जोशी को सौंपी गई थी। जांच के आधार पर चंदन नगर थाना पुलिस ने सायना के पति तौफिक मंसूरी (निवासी खंडवा) के साथ ही सास हमीदा, ननद अनीशा, फैमिदा और आरिफ के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि सायना बी की यह दूसरी शादी थी, जो 21 जुलाई 2023 को तौफिक मंसूरी से हुई थी। शादी के बाद से ही सास और ननद उस पर दहेज को लेकर ताने मारती थीं।

# चंद्रशेखर आजाद ने शहादत दे दी, पर अंग्रेजों के हाथ न आये, यह देश प्रेम की है पराकाष्ठा : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव वी.सी. के जरिए हुए कार्यक्रम में शामिल

नगर संवाददाता

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमें गर्व है कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जैसे महानायक मध्यप्रदेश की धरती पर जन्मे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी समूची चेतना, जीवन और अस्तित्व भारतमाता के चरणों में समर्पित करने वाले अमर बलिदानी चंद्रशेखर आज़ाद के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित कर हम गौरवान्वित हैं। मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए समर्पित चंद्रशेखर आजाद का जीवन ऊर्जा, संकल्प और सेवा का अमिट अध्याय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने जब यह देखा कि अब गिरफ्तारी से बच पाना मुश्किल है तो अपने हाथों से ही खुद के प्राणोत्सर्ग कर शहादत दे दी, पर अंग्रेजों के हाथ नहीं आये, यह देश प्रेम की परकाष्ठा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर अलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आज़ाद नगर (भाभरा) में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम ÷स्मरण-आजाद÷ को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। वीसी में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री श्री दिलीप अहिरवार, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिवशेखर शुक्ला सहित अधिकारी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद एक साधारण परिवार में जन्मे असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे। आज़ाद एक ऐसी आंधी थे, जिसने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिलाकर रख दी थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद एक नाम नहीं, भारत की



क्रांति का वह तेजस्वी स्वर था, जिसकी गूंज आज भी देशभक्ति की शपथ लेने वालों के हृदय में सुनाई देती है। बाल्यकाल से ही उनमें एक अलग तेज और एक अलग सोच थी। जब काशी में उन्होंने असहयोग आंदोलन में भाग लिया और गिरफ्तार हुए, तब न्यायाधीश के पूछने पर जो जवाब उन्होंने दिया, वह आज भी हर देशभक्त के हृदय में बसा है। जब उनसे, उनका नाम पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया- आजाद। पिता का नाम पूछा, तो उन्होंने जवाब दिया-स्वाधीनता। तीसरी बार जब उनके घर का पता पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया था- जेल। वे केवल एक क्रांतिकारी ही नहीं, एक विचारधारा और आत्मबल के प्रतीक थे, जिन्होंने यह संकल्प लिया था कि-मैं आज़ाद था, आज़ाद हूं और आज़ाद ही रहूंगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद ने केवल एक क्रांतिकारी की ही नहीं, बल्कि संपूर्ण स्वाधीनता आंदोलन के सेनापति की भूमिका निभाई। वे हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के सेनापति बने और शहीद भगत सिंह जैसे नौजवानों को भी उन्होंने दिशा दी थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाला लाजपत राय की शहादत का बदला लेने के लिए जब सांडर्स को लाहौर में मार गिराया गया, तब इस योजना के केंद्र में चंद्रशेखर आज़ाद ही थे और जब देश की क्रांति को धन की आवश्यकता पड़ी, तब काकोरी कांड (1925) में ब्रिटिश खजाने को लूटकर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया था कि अगर लक्ष्य पवित्र हो, तो क्रांति भी तपस्या बन जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि दुश्मनों से घिरे होने पर उन्होंने अंतिम गोली स्वयं पर चला दी, परंतु दुश्मन की पकड़ में नहीं आए। इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क (अब आज़ाद पार्क) में 27 फरवरी 1931 को पुलिस से घिरे होने पर अंतिम गोली खुद को मारकर प्राणोत्सर्ग कर दिया और अपने नाम के अनुरूप अंतिम सांस तक वे ÷आज़ाद÷ ही रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद की शहादत आज भी हमें यह याद दिलाती है कि स्वतंत्रता किसी एक दिन की घटना नहीं, बल्कि लाखों बलिदानों का परिणाम है।

# अपने आप को उत्तरप्रदेश का फर्जी क्राइम ब्रान्च इन्सपेक्टर बताने वाला आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी आगरा जिला थाना ताजगंज इलाका का रहने वाला।

नवनीत एक्सप्रेस रिपोर्टर

धौलपुर राजस्थान। थाना हाजा पर एक परिवाद प्राप्त हुआ था जिसकी जांच हेतु आरोपी पक्ष को जरिए मोवाइल थाना पर तलव किया गया तो आगरा से 4-5 लडके थाना पर आये। जिनमें से एक लडके ने थाना हाजा के कानि. हेमराज से कहा कि मैं यूपी क्राइम ब्रान्च का इन्सपेक्टर हूं जिसके हावभाव से सन्देहास्पद परिस्थितियां उत्पन्न होने पर इसके इन्सपेक्टर होने पर सन्देह हुआ तो उक्त लडके से पूछताछ की व पहचान पत्र मांगा तो युवक के पास कोई लिखित या मुद्रित या टंकित आदेश पत्र व अन्य दस्तावेज नही मिला। उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सनी पुत्र महेश जाति जाटव उम्र 27 साल निवासी नगला कली थाना ताजगंज जिला आगरा उ.प्र. का होना वताया। जिससे कढाई से पूछताछ की गई तो उक्त व्यक्ति ने अपने आप को फर्जी क्राइम ब्रान्च इस्पेक्टर यूपी होना स्वीकार किया। सम्पूर्ण संदेहास्पद परिस्थितियों एवं संज्ञेय अपराध के निवारणार्थ भविष्य में ऐसी घटना आम जनता के साथ ना हो के मध्यनजर रखते हुए सनी पुत्र महेश जाति जाटव उम्र 27 साल निवासी नगला कली थाना ताजगंज जिला आगरा उ.प्र. को धारा 126/170 वीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया।




### गिरफ्तारशुदा गैरसायल का विवरण -

सनी पुत्र महेश जाति जाटव उम्र 27 साल निवासी नगला कली थाना ताजगंज जिला आगरा उ.प्र.

### पुलिस टीम का विवरण-

1- रामकिशन यादव पु.नि. थानाधिकारी थाना राजाखेडा जिला धौलपुर
2- हेमराज कानि. 366 थाना राजाखेडा जिला धौलपुर
3- सतीश कानि. 439 थाना राजाखेडा जिला धौलपुर

### पति के जेल जाने के डर पर महिला का सुसाइड

नगर संवाददाता

**भोपाल।** भोपाल के शाहजहांनाबाद इलाके में महिला ने पति के जेल जाने के डर से फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात की है। दरअसल महिला के पति पर ईटखेड़ी पुलिस ने एक साल पहले चोरी का माल खरीदने के आरोप में कार्रवाई की थी। यह केस फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। जानकारी के मुताबिक नूर बानो पति अनीस खान (42) संजय नगर शाहजहांनाबाद की रहने वाली थीं। उनके पति एक साल पहले तक ईटखेड़ी इलाके में कबाड़े की दुकान चलाते थे। मृतका के भाई फारूख ने बताया कि जीजा अनीस को ईटखेड़ी पुलिस ने एक साल पहले हिरासत में लिया था। उन पर चोरी का सामान खरीदने के आरोपों में एफआईआर दर्ज थी। इस केस के बाद जीजा ने दुकान को बंद कर दिया। इसके बाद भी आए दिन पुलिस उन्हें थाने बुलाती थी, पैसों की डिमांड करती थी। दूसरे केस में फंसाने की धमकी देती थी। जेल भिजवाने की धमकी दी जाती थी।

## एमपी में नए हेड ऑफ़ फ़ॉरेस्ट की नियुक्ति टली

# राजस्थान के वन बल प्रमुख के बीमार होने से बैठक स्थगित; अब गुरुवार को होगा फैसला

नगर संवाददाता

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में नए वन बल प्रमुख (हेड ऑफ फॉरेस्ट - ॥श्नस्न) की नियुक्ति को लेकर बुधवार को प्रस्तावित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक गुरुवार को आयोजित की जाएगी, जिसमें नए ॥श्नस्न के नाम पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। वर्तमान में असीम श्रीवास्तव इस पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वे 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। ऐसे में एक अगस्त से नए की पदस्थापना के लिए राज्य सरकार तैयारी में जुटी है। बुधवार को होने वाली बैठक इसलिए टालनी पड़ी क्योंकि डीपीसी में शामिल होने वाले राजस्थान के हेड ऑफ फॉरेस्ट की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इसके बाद केंद्र सरकार ने उनकी जगह छत्तीसगढ़ के ॥श्नस्न श्रीनिवासन को बैठक में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। श्रीनिवासन गुरुवार को भोपाल



पहुंचेंगे और मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में भाग लेंगे। सूत्रों के अनुसार, बैठक में एमपी वन सेवा के वरिष्ठतम अधिकारी वीएन अंबाड़े के नाम पर मुहर लग सकती है। परंपरा के अनुसार, विभाग में वरिष्ठतम अधिकारी को ही यह जिम्मेदारी दी जाती रही है। वर्तमान में अंबाड़े मध्यप्रदेश वन विकास निगम में पीसीसीएफ के पद पर कार्यरत हैं। हालांकि, बैठक में दो अन्य वरिष्ठ अधिकारियों - 1989 बैच के एचयू खान और 1990 बैच के विभाष ठाकुर के नामों पर भी चर्चा संभव है, यदि अंबाड़े का सेवा रिकॉर्ड अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता।

### भोपाल में महिला डॉक्टर ने फांसी लगाकर सुसाइड किया

नगर संवाददाता

**भोपाल।** भोपाल के टीटी नगर इलाके में रहने वाली महिला डॉक्टर ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना मंगलवार रात की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से खुदकुशी के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। बुधवार दोपहर पीएम के बाद बॉडी परिजनों के हवाले कर दी गई है। एएसआई दिग्विजय वैष्णव ने बताया कि शिवांगी यादव पिता कृष्ण कुमार यादव (27) को परिजनों ने मंगलवार की रात आठ बजे फंदे पर लटका देखा था। उसको फंदे से उतारकर परिजन जेपी अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टर ने चैक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शिवांगी यादव टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित तुलसी नगर में रहती थी। वह प्राइवेट अस्पताल में प्रेक्टिस करती थी। शिवांगी के पिता कृष्ण कुमार यादव होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज से रिटायर्ड हैं। पुलिस को मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद वह जांच के बिंदु तय करेगी। तफ्तीश के लिए शिवांगी यादव के मोबाइल को जब्त कर लिया है।

## सीएमएचओ डॉ. मीणा ने किया चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण

# चिकित्सा संस्थानों पर मरीजों को उपलब्ध हो बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं - डॉ. मीणा

नवनीत एक्सप्रेस रिपोर्टर

धौलपुर राजस्थान। आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु जिले का स्वास्थ्य महकमा मजबूती से कार्य कर रहा है। विभागीय अधिकारी भी लगातार जमीनी स्तर पर जाकर इसकी मॉनिटरिंग कर रहे है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बुधवार को उपखंड बसेड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नादनपुर तथा उप स्वास्थ्य केंद्र बरई का निरीक्षण कर स्वास्थ सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान सीएचसी बसेड़ी पर महिला पुरुष वार्ड, दवा



वितरण केंद्र, प्रसव कक्ष, जांच कक्ष तथा उपलब्ध संसाधनों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने लेबर रूम में सभी आवश्यक उपकरण, स्टाफ एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओ का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गए। साथ ही सभी चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ को यूनिफॉर्म में रहने, चिकित्सा संस्थान में सभी दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण सेवायें देने के निर्देश दिए। इस दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान के इंडिकेटर पर चर्चा की गई। वल्नरेबल पॉपुलेशन की स्क्रीनिंग कर उनकी निक्षय आईडी बनाने नाट टेस्ट तथा संभावित टीबी रोगियों की ज्यादा से ज्यादा चेस्ट एक्सरे करवाने हेतु निर्देश दिए। साथ ही डॉट्स का ईलाज ले रहे रोगियों के निक्षय पोषण योजना के भुगतान, निक्षय पोषण किट, टीपीटी ट्रीटमेंट ऑनलाइन कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग में प्रगति लाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र तथा सीएचसी के निर्माणाधीन भवन का भी जायजा लिया, उन्होंने संबंधित ठेकदार को निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्रयोग में लेने के साथ साथ निर्धारित मापदंड के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नेमीचंद मित्तल भी साथ रहे।

## भोपाल में राष्ट्रीय कार्यशाला,रोजगार आधारित शिक्षा पर जोर

# मुख्यमंत्री बोले-70 से ज्यादा विश्वविद्यालय में कराई जाएगी वेटरनरी की पढ़ाई

नगर संवाददाता

**भोपाल।** दूध उत्पादन में मध्य प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। अब हम इसमें पहले स्थान पर आने के लिए प्रयासरत हैं। हमारे पास 6 करोड़ से अधिक पशुधन है। इसके लिए हमें ज्यादा वेटरनरी विशेषज्ञों की जरूरत है। यह जरूरत सिर्फ एक कॉलेज से पूरी नहीं हो सकती है। इसलिए, प्रदेश के सभी कॉलेजों में वेटरनरी से जुड़ी शिक्षा शुरू की जाएगी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। वे कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में विकसित भारतञ्च2047 अंतर्गत रोजगार आधारित शिक्षा- रुझान एवं नए अवसर विषय पर बुधवार को आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी मौजूद



हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में 70 से ज्यादा विश्वविद्यालय हैं। हमने अपने सभी विश्वविद्यालय में वाइस चांसलर का नाम बदलकर कुलगुरु कर दिया। इस पहल को देश में स्वीकारता मिल रही है, यह हमारे लिए गर्व की बात है। दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय ने भी हमारा अनुसरण किया है और वहां भी वाइस चांसलर का नाम बदलकर कुलगुरु कर दिया गया है। आज की बदलती दुनिया में शिक्षा सिर्फ डिग्री पाने का साधन नहीं, बल्कि रोजगार और आत्मनिर्भरता की कुंजी बन गई है। इसी सोच के साथ शुरू हुई कार्यशाला में शैक्षणिक संस्थानों में रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को नए अवसरों के लिए तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया जाएगा।

मुख्य वक्ता डॉ. एसी पांडे (निदेशक, आईयूएसी नई दिल्ली) ने तकनीकी बदलावों और नवाचारों से पैदा हो रहे रोजगार के नए आयामों पर विस्तृत विचार साझा किए। कार्यशाला में इंजीनियरिंग, जीवन विज्ञान, कौशल विकास और सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित कर भविष्य के अवसरों पर गहन विमर्श किया गया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद रहे।

**कार्यशाला में चार तकनीकी सत्र होंगे :-**

प्रथम सत्र ङ्क अभियांत्रिकी और तकनीकी विषय।

द्वितीय सत्र ङ्क प्राकृतिक और जीवन विज्ञान।

तृतीय सत्र ङ्क कौशल विकास और रोजगार अवसर।

चतुर्थ सत्र ङ्क सामाजिक विज्ञान और प्रबंधन।कार्यशाला का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, फेसबुक लाइव, ट्विटर और यूट्यूब पर किया गया। राज्य सरकार ने निर्देश दिए हैं कि सभी सरकारी, अनुदान प्राप्त और निजी महाविद्यालयों में कार्यशाला का सीधा प्रसारण दिखाया जाए। सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को इस आयोजन में वर्चुअल शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।

### भोपाल में युवक को बंधक बनाकर मारपीट

नगर संवाददाता

**भोपाल।** भोपाल के हनुमानगंज इलाके में युवक को रूम में बंद कर मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट का आरोप कबाड़ खाने के कबाड़ा कारोबारियों पर लगा है। आरोपियों ने फरियादी युवक को चोरी के संदेह में पीटा है। घटना मंगलवार की है, बुधवार को पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शोएब नाम का युवक मंगलवार की देर रात करीब दो बजे थाने पहुंचा और उसने पुलिस को बताया कि उसे भैय्या कबाड़ी ने बंधक बना लिया था। कमरे में बंद कर उसे पाइप, डंडे और बेल्ट से उसके साथ करीब 12 घंटे तक मारपीट की थी। उसे भूखा और प्यासा रखा गया। आरोपी किसी चोरी के संबंध में उससे पूछताछ कर रहे थे। युवक के शरीर पर गंभीर चोट के निशान हैं। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक की एक्स-रे और अन्य जांचे कराई जा रही है। पुलिस ने युवक के कथनों के आधार पर भैय्या कबाड़ी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### नशा इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही बर्बाद कर देता है

# हम फाउंडेशन ने पुलिस विभाग की टीम को पौधा देकर किया सम्मानित

**निज संवाददाता**

भिण्ड। जिले में चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत हम फाउंडेशन संगठन द्वारा भूता बाजार स्थित एक निजी विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हम फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. इकबाल अली, प्रदेश वित्त मंत्री प्रो. रामानंद शर्मा, शहर कोतवाली के निरीक्षक बृजेंद्र सिंह सेंगर, रक्षित निरीक्षक अरविंद सिंह सिकरवार, यातायात प्रभारी राघवेंद्र भार्गव, सूबेदार आदित्य मिश्रा, विश्व गीता प्रतिष्ठानम के प्रभारी विष्णु कुमार शर्मा, प्राचार्य नीति अग्रवाल, प्रांतीय वित्त मंत्री शैलेश सक्सेना, प्रधान आरक्षक रामकुमार पांडे सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक अरविंद सिकरवार ने कहा कि नशा एक अभिशाप है, यह एक ऐसी बुराई है जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस अभिशाप से समय रहते मुक्ति पा लेने में ही मानव समाज की भलाई है। यातायात प्रभारी राघवेंद्र भार्गव ने कहा कि आजकल अक्सर यह देखा जा रहा है कि युवा वर्ग इसकी चपेट में दिनों दिन आ रहा है



वह तरह-तरह के नशे जैसे तंबाकू, गुटखा, सिगरेट और शराब के चंगुल में फसता जा रहा है। इसी क्रम में सूबेदार आदित्य मिश्रा ने कहा कि युवा पीढ़ी को देश के निर्माण में अहम भूमिका निभानी चाहिए, जबकि नशे की गर्त से युवाओं को दूर रहना चाहिए। नशा एक धीमा जहर है जिससे इंसान का अनमोल शरीर नष्ट हो जाता है। इस अवसर पर हम फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. इकबाल अली ने कहा कि नशा जैसे पदार्थों का सेवन करने से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक व आर्थिक हानि पहुंचने के साथ सामाजिक वातावरण प्रदूषित हो रहा है। इस अवसर पर प्रो. रामानंद शर्मा ने कहा कि नशा एक अभिशाप ही नहीं वल्कि महा अभिशाप है यह एक महा भयानक बुराई है। कार्यक्रम के अंत में संगठन द्वारा पुलिस विभाग की टीम को नशे से दूरी है जरूरी सफलतम अभियान को देखते हुए उन्हें पौधे देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान आरक्षक रामकुमार पांडे एवं आभार नीति अग्रवाल ने किया।

## गायत्री मंदिर प्रज्ञापीठ कुम्हरौआ पर बैठक आयोजित



**निज संवाददाता**

भिण्ड। शहर में कुम्हरौआ स्थित गायत्री मन्दिर प्रज्ञापीठ पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शान्तिकुन्ज हरिद्वार के प्रतिनिधि रामचन्द्र गायकवाड़ टोली नायक, रुद्रगिरि गोस्वामी गायक संगीतमय, दामोदर प्रसाद लवानिया उपजोन प्रभारी, सतेन्द्र सिंह राजावत बॉस जिला समन्वयक बतौर अतिथि मौजूद रहे। बैठक में माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी एवं अखण्ड ज्योति की जन्म शताब्दी बसंत पंचमी 2026 को धूमधाम से मनाने एवं इस हेतु कार्यकर्ताओं से अंशदान एवं समयदान का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं.आचार्य श्रीराम शर्मा गुरुदेव द्वारा बनाये गये 18 सत् संकल्पों को दोहराया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक तहसील समन्वयक सम्पूर्ण शक्तिपीठ ट्रस्टी, प्रज्ञापीठ ट्रस्टी, गोरमी, मौ, अमायन, अटेर, फूप, मेहगांव, भिण्ड आदि तहसीलों से कई कार्यकर्ता उपस्थित हुये।

## संत और डॉक्टर किसी व्यक्ति विशेष के नहीं होते : विहसंत सागर

### चिराग विशुद्ध बहू मण्डल ने की मुनिराज की पूजा अर्चना

**निज संवाददाता**

भिण्ड। गणाचार्य विराग सागर महाराज, पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज के परम शिष्य मेडिटेशन गुरू विहसंत सागर महाराज ने विराग मण्डप हाउसिंग कॉलोनी बगिया में चल रहे प्रवचनों में कहा कि संत और डॉक्टर किसी व्यक्ति विशेष के नहीं होते, क्योंकि उनके पास जो भी आता है उसे आशीर्वाद देते हैं, ऐसे ही डॉक्टर हैं उनके पास जो भी मरीज आता है वह उसका इलाज करते हैं। संत और डॉक्टर किसी की जाति पाति को नहीं देखते, वह तो केवल भावों के भूखे हैं, विनम्रता से उन्हें कोई भी जीत सकता है। संत का स्वभाव निर्मल होता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति भगवान का रूप मानते हैं, ऐसे डॉक्टर भगवान के रूप हैं, क्योंकि वह व्यक्ति ही जान बचाते हैं।



प्रवचनों में चिराग विशुद्ध बहू मण्डल ने पूजा अर्चना कर भक्ति भाव से अर्घ चढ़ाए, सभी ने भक्ति करते हुए गुरू वंदना की। इस अवसर पर जगदीश जैन मुकेश जैन बड़ेरी, चक्रेश जैन, नरेश जैन, सुनील जैन, पार्षद मनोज जैन, ऋषि जैन, अमित जैन एवं विराग विशुद्ध बहू मण्डल की महिलाएं उपस्थित थीं।

चढ़ेगा सवा 23 किलो का लाडू नगर में चातुर्मास कर रहे मेडिटेशन गुरू उपाध्याय विहसंत सागर महाराज, मुनि विश्वसाम्य सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में 31 जुलाई को जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पारसनाथ के मोक्ष कल्याण के अवसर पर सवा 23 किलो का शक्कर का लाडू चढ़ाया जाएगा। जिस भगवान के मोक्ष जाने की खुशी में जैन श्रद्धालु चढ़ाएंगे, साथ ही लाडू सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। पार्षद मनोज जैन ने बताया कि जिसमें प्रत्येक भक्त अपने घर से लाडू को सजा कर लाएंगे, जिसे सभी लोग सामूहिक रूप से भगवान के मोक्ष जाने की खुशी में चढ़ाएंगे। साथ ही भगवान पारसनाथ का अभिषेक स्वर्ण कलश एवं शांति धारा का आयोजन होगा, क्योंकि भगवान स्वर्ण भद्र कोर्ट से मोक्ष को गए थे।

## बमनपुरा में हुए पुलिस एसआई का अंतिम संस्कार



### दतिया जिले के गोदन थाना में पदस्थ एसआई ने सरकारी आवास में कर ली थी आत्महत्या

**निज संवाददाता**

भिण्ड। दतिया जिले के गोदन थाना में पदस्थ उपनिरीक्षक प्रमोद पावन का शव मंगलवार को पैतृक गांव बमनपुरा लाया गया। बुधवार सुबह अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। तिरंगे में लिपटे शव को देखकर ग्रामीण और पुलिसकर्मी भावुक हो गए। परिजनों और ग्रामीणों ने चार घंटे तक एफआईआर की मांग पर मंथन किया, लेकिन बाद में शांतिपूर्वक अंतिम संस्कार की अनुमति दे दी गई।

बुधवार दोपहर प्रमोद पावन का अंतिम संस्कार उनके गांव के श्मशान घाट पर किया गया, जहां उनके बेटे हरेंद्र ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पहले ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने घर पर श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। यहां बता दें कि मंगलवार को दतिया जिले के गोदन थाना के सरकारी आवास में एसआई प्रमोद पावन ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उन्होंने एक वीडियो जारी किया, जिसमें थाना प्रभारी और अन्य स्टाफ पर जातिगत अपमान और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए।

## रात के समय खुले नाले में गिरे बाइक सवार की मौत

**निज संवाददाता**

भिण्ड। शहर की मुखर्जी कॉलोनी में मंगलवार देर रात एक खुला नाला जानलेवा साबित हुआ। बाइक सवार राहुल यादव (30), निवासी जोरी ब्राह्मण गांव, अंधेरे में नाले में गिर गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सुबह मंदिर जाने वाले लोगों ने शव और बाइक देखी, तब हादसे का पता चला। जानकारी के अनुसार राहुल यादव रात को बाइक से मुखर्जी कॉलोनी से गुजर रहा था। कॉलोनी में वर्षों से खुला पड़ा नाला अंधेरा होने के कारण उसे नजर नहीं आया और वह बाइक समेत उसमें गिर गया। बुधवार अल सुबह मंदिर जाने वाले लोगों ने युवक को नाले में देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को नाले से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हम युवाओं को आजाद जैसी देश भक्ति अपनानी चाहिए : शिवम

**निज संवाददाता**

मेहगांव। नगर में सामाजिक संगठन जन शक्ति विकास परिषद ने युवा क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई। यह कार्यक्रम नगर के मौ रोड स्थित चौ. रामजीलाल मार्केट पर आयोजित हुआ, जिसमें युवाओं ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष एड.शिवम चौधरी मुख्य रूप में उपस्थित रहते हुए युवाओं को संबोधित किया कि शहीद आजाद का जन्म मध्यप्रदेश के भावरा ग्राम में जन्म हुआ था और आजाद जी बचपन से देश भक्त थे और उन्होंने गुलाम भारत में स्वयं को आजाद रूप में रहने का संकल्प लिया था उन्होंने देश की आजादी के लिए कई क्रांतिकारी आंदोलन किए जिससे ब्रिटिश सरकार उनसे अधिक परेशान थी उनके




नेतृत्व में शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, बिस्मिलजी आदि युवाओं ने देश की आजादी में क्रांतिकारी कदम उठाए और शहीद चंद्रशेखर आजाद ने देशभक्ति में यह संकल्प लिया कि मैं सदैव आजाद रहूंगा। इसी संकल्प के साथ ही वह अंग्रेजों के हाथों कभी पकड़े नहीं गए और आजाद रहकर देश भक्ति में अपने प्राण न्योछावर कर दिए हम सभी युवाओं को आजाद जैसी देश भक्ति अपनानी चाहिए। कार्यक्रम में नंदू कटारे, आलोक कुशवाहा,राकेश महंत, शिवम रावत, गुन्ना खान, महेंद्र सोनी, छोटू खान, अमित नारवरिया, भोलू प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## जाति पांति और भेदभाव से सदा दूर रहे भैया जी : भदौरिया

### सर्वोदय आश्रम में समाजसेवी भैयाजी की पुण्यतिथि मनाई

**निज संवाददाता**

भिण्ड। सर्वोदय संत लल्लूदद्दा जनसेवा समिति के तत्वाधान में बुधवार सुबह सर्वोदय आश्रम हमीरापुरा में संस्था के संरक्षक सदस्य समाजसेवी उग्रसेन जैन भैया जी की 9वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी भैया जी के चित्र पर उपस्थित लोगों ने



श्रद्धासुमन अर्पित किए। तत्पश्चात सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था सचिव पहलवान सिंह भदौरिया ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद किया गया। उन्होंने कहा कि श्री भैया जी हिन्दी के व्याख्याता होने के कारण हिन्दी पर उनकी उच्च कोटि की पकड़ थी। वे समाजसेवी होने के नाते जाति पांति और भेदभाव से सदा दूर रहे। इस अवसर पर मोहर सिंह, शत्रुध्न सिंह, राजाराम सिंह, रिपुदमन सिंह, राजवीर सिंह, प्रतिष्ठा, श्रीकृष्ण सिंह राजकुमार सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## लूट की योजना बनाते पकड़े गए आरोपियों को 7-7 साल की सजा

### सात साल पहले का है मामला, न्यायालय ने सुनाई सजा

**निज संवाददाता**

भिण्ड। सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश भिण्ड मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने पांच आरोपियों को सात-सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपियों पर जुर्माना भी अधिरोपित किया गया है।

अपर लोक अभियोजक उत्तम सिंह राजपूत ने बताया कि 10 अगस्त 2018 की रात भिंड जिले के देहात थाना क्षेत्र में पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक ग्वालियर रोड और भरौली रोड स्थित पेट्रोल पंपों पर डकैती की योजना बना रहे हैं। एसआई वीरबहादुर सिंह परिहार ने तत्काल टीम के साथ हनुमान मंदिर के पास दबिश दी, जहां एक सफेद कार खड़ी मिली और अंधेरे में चार-पांच युवक डकैती पर चर्चा कर रहे थे। पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी कर तीन युवकों को मौके पर गिरफ्तार किया, जबकि दो भागने में सफल रहे। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम संदीप उर्फ सनी राजावत, अश्विन उर्फ कल्लन और सनी उर्फ विक्की राजावत बताए। फरार आरोपियों के नाम अखिलेश भदौरिया और उमेश राजावत बताए गए। गिरफ्तारी के समय आरोपियों के पास से 315 बोर के लोडेड कट्टे, अधिया और कारतूस जब्त किए गए। पुलिस ने उनके खिलाफ डकैती की साजिश रचने और अवैध हथियार रखने का



मामला दर्ज किया और कोर्ट में चालान पेश किया गया। मामले में अभियोजन पक्ष ने 9 गवाहों के बयान पेश किए। सुनवाई के बाद सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने संदीप राजावत, अश्विन सिंह और सनी उर्फ विक्की को 7-7 साल के कठोर कारावास के साथ 60-60 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। वहीं उमेश सिंह और अखिलेश भदौरिया को 7-7 साल की सजा और 50-50 हजार रुपए का जुर्माना अदा करने का आदेश दिया।

## प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

### ज्ञापन में पेंशनर्स की विभिन्न मांगों का किया गया उल्लेख

**निज संवाददाता**

भिण्ड। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन भिंड के 70 सदस्यों द्वारा अपर कलेक्टर एलके पांडे को मोहन सिंह कुशवाह प्रांतीय महामंत्री एवं विजय दैपुरिया प्रांतीय संगठन सचिव एवं प्रभारी जिला अध्यक्ष भिंड के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।पेंशनर्स की मांग थी कि प्रदेश के साढ़े चार लाख पेंशनर्स को जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई राहत का एरियर भुगतान कर जनवरी 2025 से दो फीसदी महंगाई भत्ते का लाभ तत्काल दिया जावे। मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49/6 को विलोपित किया जावे। समय-समय पर प्रस्तुत ज्ञापनों में उल्लेखित समस्याओं जैसे महंगाई राहत का नियमित भुगतान, 32 माह एवं 27 माह एरियर आदि



का निराकरण किया जावे। संभाग स्तरीय पेंशनर की सूचना तथा जिला स्तर पर पेंशन फोरम गठित की जाकर उसकी नियमित बैठक की व्यवस्था के संबंध में अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया जावे।ज्ञापन सौंपते समय मोहन सिंह कुशवाह, विजय दैपुरिया, कृष्ण स्वरूप शर्मा, आजाद खान, श्रीराम वैद्य, गंगा सिंह भदौरिया, राधाकांत शर्मा मीडिया प्रभारी, आलोक दीक्षित, राम प्रकाश शर्मा, रामबरन सिंह कुशवाह, ब्रह्मानंद चतुर्वेदी, शेरसिंह कुशवाह, लखन सिंह चौहान, आरबीएस चौहान, अवधेश सिंह कुशवाह, नारायण स्वरूप शर्मा, सुरेश चंद्र सोनी, दशरथ सिंह यादव, विजय राम शर्मा, राधे श्याम शर्मा, नाथूराम त्रिपाठी, राम भरोसे श्रीवास्तव, सलीम कुरैशी, देवेंद्र सिंह कुशवाह, शीशपाल सिंह नरवरिया, सुरेंद्र श्रीवास्तव, रूप सिंह भदौरिया, पीके थापक आदि पेंशनर मौजूद रहे।

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस
राष्ट्रवादी विचार धारा · जय खेड़ापति सरकार
ग्वालियर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित · संपादक: महेन्द्र तिवारी · न डरते है न डराते है, सब उजागर करते है



# भारत की पहली पारी जारी, राहुल और यशस्वी के बीच 50+ रन की साझेदारी

खेल एजेंसी



**मैनचेस्टर।** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम पर खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। इस मैच में भारत तीन बदलावों के साथ उतरा है। फिलहाल भारत की पहली पारी जारी है। राहुल और यशस्वी के बीच 40 से ज्यादा रनों की साझेदारी हो चुकी है। दोनों शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। चायकाल तक भारत का स्कोर 42/0 है। भारत की पहली जारी है। राहुल और जायसवाल अच्छी फॉर्म में नजर आ रहे हैं। दोनों के बीच 20 रन से ज्यादा की साझेदारी हो चुकी है। भारत की पहली पारी शुरू हो चुकी है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल क्रीज पर मौजूद हैं। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। भारत- यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अंशुल कंबोज। इंग्लैंड- जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), लियाम डॉसन, क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बताया कि लियाम डॉसन की वापसी हुई है। वहीं, भारत इस मुकाबले में तीन बदलावों के साथ उतरा है। करुण नायर की जगह साई सुदर्शन को मौका मिला है। अंशुल कंबोज को आकाश दीप की जगह टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू का मौका मिला है। इसके अलावा शार्दुल ठाकुर की नीतीश रेड्डी की जगह टीम में वापसी हुई है। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में डेब्यू कर रहे हैं। दीपदास गुप्ता ने उन्हें टेस्ट कैप सौंपी। अंशुल को प्रसिद्ध कृष्णा पर तरजीह मिली है। सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेलने वाले शार्दुल ठाकुर को रेड्डी की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है लेकिन उनका बल्लेबाजी में उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है। अगर उन्हें टीम में लिया जाता है तो उन्हें गेंदबाजी में भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना होगा क्योंकि रेड्डी ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में महत्वपूर्ण अवसरों पर विकेट लिए थे। लॉर्ड्स में सीरीज में पहली बार भारतीय बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और और अगर भारत को सीरीज में वापसी करनी है तो कप्तान शुभमन गिल की अगुआई वाली बल्लेबाजी लाइन-अप को फिर से अच्छा प्रदर्शन करना होगा। खिलाड़ियों की चोट के बीच भारत के लिए राहत की बात यह है कि अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का चौथे टेस्ट में खेलना लगभग तय है। खुद मोहम्मद सिराज ने सोमवार को इसकी पुष्टि कर दी थी। भारत चौथे टेस्ट में भी तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाज के साथ उतर सकता है जिसमें बुमराह और सिराज के अलावा आकाश, प्रसिद्ध और कंबोज में से कोई एक गेंदबाज शामिल होगा। कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी इस मैच में जगह बनाने के दावेदार हैं, लेकिन यह देखना होगा कि वाशिंगटन और रवींद्र जडेजा के साथ टीम प्रबंधन कुलदीप को लेगा या नहीं। नए तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज और प्रसिद्ध कृष्णा भी अंतिम एकादश में जगह बनाने के दावेदार हैं। अगर आकाश दीप कमर की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाते हैं, तो इनमें से कोई भी उनकी जगह ले सकता है। आकाश दीप की तरह, कंबोज भी अच्छी सीम मूवमेंट पैदा कर सकते हैं। वह भारत ए के इंग्लैंड दौरे का भी हिस्सा थे और इस तरह से यहां की परिस्थितियों से कुछ हद तक वाकिफ हैं। हालांकि, टीम प्रबंधन इस विकल्प पर तभी आगे बढ़ेगा जब आकाश चयन के लिए उपलब्ध ना हों। मैच से पहले अभ्यास सत्र में आकाश ने गेंदबाजी की थी, लेकिन वह संतुष्ट नजर नहीं आए थे। यहां तक कि फिजियो ने भी उनके गेंदबाजी नहीं करने के लिए कहा था। भारत के लिए मैच से पहले सबसे बड़ी चिंता आकाश दीप और ऋषभ पंत हैं। यह दोनों खिलाड़ी चोट से जूझ रहे हैं।

## सिंधू ने मियाजाकी को हराया, सात्विक-चिराग की जोड़ी भी अगले दौर में पहुंची

खेल एजेंसी



**चांग्झू।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व की 15वें नंबर की पुरुष युगल जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को केवल 31 मिनट में 21-13, 21-9 से हराकर दमदार शुरुआत की। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पी वी सिंधू ने बुधवार को जापान की छठी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी को 21-15, 8-21, 21-17 से हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम 16 में प्रवेश किया। सिंधू ने शानदार शुरुआत की और लगातार सात अंक लेकर पहले गेम में 13-5 की बढ़त बना ली और फिर आसानी से यह गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में मियाजाकी ने शानदार वापसी की और लगातार नौ अंक लेकर 12-8 की बढ़त बना ली। जापान की खिलाड़ी ने यह गेम जीत कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। सिंधू ने तीसरे और निर्णायक गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और लगातार बढ़त बनाए रखकर 62 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। मौजूदा समय में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू का सामना दूसरी बार मियाजाकी से हो रहा था। पिछले साल स्विस ओपन में वह जापानी खिलाड़ी से हार गई थीं। इस साल पांच टूर्नामेंट में पहले दौर में बाहर होने वाली सिंधू ने मैच के बाद कहा, यह मेरे लिए बहुप्रतीक्षित जीत थी। पहला राउंड मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। यह तीन गेम का मुकाबला था। तीसरे गेम में भी मेरे लिए शुरुआत से ही बढ़त बनाना महत्वपूर्ण रहा। मेरे लिए यह मैच जीतना महत्वपूर्ण था। इससे निश्चित तौर पर मेरा मनोबल बढ़ेगा।

# राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक खेलों को कैसे प्रभावित करेगा?

खेल एजेंसी



**नई दिल्ली।** यह विधेयक देश में खिलाड़ियों और प्रशासकों दोनों के लिए खेल प्रशासन और शिकायत निवारण प्रणाली के कई पहलुओं में आमूलचूल परिवर्तन का वादा करती है। राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किया गया और हालांकि इसे अधिनियम बनने में अभी कुछ समय है लेकिन फिर भी इसको पेश किया जाना ही भारत के खेल प्रशासन को नया रूप देने और मानकीकृत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह विधेयक देश में खिलाड़ियों और प्रशासकों दोनों के लिए खेल प्रशासन और शिकायत निवारण प्रणाली के कई पहलुओं में आमूलचूल परिवर्तन का वादा करती है। यह विधेयक खेल संघों में अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष के पद के लिए लगातार तीन कार्यकाल की अवधि को कुल 12 वर्ष तक सीमित करता है। आयु सीमा 70 वर्ष रखी गई है जो संबंधित खेल के अंतरराष्ट्रीय चार्टर और नियमों द्वारा अनुमति मिलने पर नामांकन के समय 75 वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। किसी भी खेल संस्था की कार्यकारी समिति की अधिकतम सदस्य संख्या 15 रखी गई है जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महासंघ पर अधिक वित्तीय बोझ नहीं पड़े। कार्यकारी समिति में कम से कम दो उत्कृष्ट खिलाड़ी और चार महिलाओं को शामिल करना अनिवार्य होगा। यह प्रावधान खेल प्रशासन में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में खिलाड़ियों को एक प्रमुख हितधारक बनाने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के अनुरूप है। इस विधेयक की सबसे चर्चित विशेषता राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) है जिसके पास सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को मान्यता देने या निलंबित करने और यहां तक कि खिलाड़ियों के कल्याण के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघों के साथ 'सहयोग' करने की सर्वोच्च शक्तियां होंगी।एनएसबी में एक अध्यक्ष होगा और इसके सदस्यों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा 'योग्य, ईमानदार और प्रतिष्ठित व्यक्तियों' के बीच से की जाएगी। ये नियुक्तियां एक खोज सह चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर की जाएंगी जिसके अध्यक्ष कैबिनेट सचिव या खेल सचिव होंगे। इस समिति के अन्य सदस्यों में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के महानिदेशक, किसी राष्ट्रीय खेल संस्था के अध्यक्ष, महासचिव या कोषाध्यक्ष रह चुके दो खेल प्रशासक और द्रोणाचार्य, खेल रत्न या अर्जुन पुरस्कार विजेता एक प्रतिष्ठित खिलाड़ी शामिल होंगे। बोर्ड को ऐसी किसी भी राष्ट्रीय संस्था की मान्यता रद्द करने का अधिकार दिया गया है जो अपनी कार्यकारी समिति के लिए चुनाव कराने में विफल रहती है या जिसने 'चुनाव प्रक्रियाओं में घोर अनियमितताएं' की हैं।

# प्रथम श्रेणी में 10-10 विकेट ले चुके कंबोज और कुंबले से जुड़ा अजब संयोग, लगातार चौथा टॉस हारे गिल

खेल एजेंसी



**मैनचेस्टर।** शुभमन गिल इस सीरीज में लगातार चौथे टेस्ट में टॉस हारे हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह फैसले को लेकर कन्फ्यूज थे, इसलिए टॉस हारना सही है। टीम इंडिया में तीन बदलाव हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जा रहा है। इस टेस्ट में भारतीय टीम ने तीन बदलाव किए हैं। करुण नायर, नीतीश रेड्डी और आकाश दीप इस मैच में नहीं खेल रहे हैं। इनकी जगह साई सुदर्शन, अंशुल कंबोज और शार्दुल ठाकुर को शामिल किया गया है। तीन टेस्ट में खराब प्रदर्शन के बाद करुण को प्लेइंग-11 से बाहर किया गया है, जबकि नीतीश पूरी सीरीज से बाहर हो चुके हैं। आकाश चोट की वजह से चौथे टेस्ट का हिस्सा नहीं हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। शुभमन गिल इस सीरीज में लगातार चौथे टेस्ट में टॉस हारे हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह फैसले को लेकर कन्फ्यूज थे, इसलिए टॉस हारना सही है। भारत ने पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में आखिरी बार जनवरी में राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैच में टॉस जीता था। तब से टीम लगातार 14 बार टॉस हार चुकी है। इस मैदान यानी ओल्ड ट्रैफर्ड में इससे पहले 11 टेस्ट में टॉस जीतने वाली टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इन सभी 11 मौकों पर टॉस जीतने वाली टीमें मैच नहीं जीत पाईं। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला करने वाली टीमों ने तीन मैच गंवाए हैं, जबकि आठ टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। वहीं, इस टेस्ट में तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को खेलने का मौका मिला है। यह उनका अंतरराष्ट्रीय डेब्यू है। पिछली बार मैनचेस्टर में भारत की ओर टेस्ट डेब्यू करने वाले खिलाड़ी अनिल कुंबले रहे थे। 1990 में इस महान स्पिनर ने मैनचेस्टर में ही टेस्ट डेब्यू किया था। अंशुल कंबोज और अनिल कुंबले, दोनों का शॉर्ट फॉर्म एके (ऋ) ही है। इतना ही नहीं, संयोगवश दोनों ने ही फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पारी में 10-10 विकेट लिए हैं। मैनचेस्टर में भारत ने इससे पहले नौ टेस्ट खेले हैं और टीम कभी नहीं जीत पाई है, जबकि इंग्लैंड की टीम 21वीं सदी में इस मैदान पर 20 टेस्ट खेल चुकी है और सिर्फ दो टेस्ट मैच गंवाई है। 14 मैच इंग्लैंड ने जीते हैं, जबकि चार टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। इंग्लैंड की टीम में एक बदलाव हुआ है।

**दोनों टीमें इस प्रकार हैं :-**

**भारत :-** यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अंशुल कंबोज।

**इंग्लैंड :-** जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), लियाम डॉसन, क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

# इंग्लैंड में केएल राहुल के 1000 टेस्ट रन पूरे

## सचिन तेंदुलकर- विराट कोहली के क्लब में शामिल हुए

खेल एजेंसी



**मैनचेस्टर।** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मैच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम पर खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। भारत के लिए ओपनिंग करने उतरे केएल राहुल ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। 15 रन बनाते ही उन्होंने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने बुधवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हुए टेस्ट मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे करने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों की बराबरी कर ली। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मैच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम पर खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। भारत के लिए ओपनिंग करने उतरे केएल राहुल ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। 15 रन बनाते ही उन्होंने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए। वह पांचवें भारतीय बल्लेबाज बन गए जिसने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर (1575 रन), राहुल द्रविड़ (1376 रन), सुनील गावस्कर (1152 रन) और विराट कोहली (1096 रन) ने यह कारनामा किया। इसके अलावा केएल राहुल चौथे भारतीय ओपनर बल्लेबाज बन गए जिसने विदेश में 100 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस मामले में उन्होंने सुनील गावस्कर की बराबरी कर ली। पूर्व बल्लेबाज ने वेस्टइंडीज में 1404 रन, इंग्लैंड में 1152 रन और पाकिस्तान में 1001 रन बनाए। वहीं, केएल राहुल ने इंग्लैंड में बतौर ओपनर 1000 रन पूरे कर लिए। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बताया कि लियाम डॉसन की वापसी हुई है। उन्हें शोएब बशीर की जगह शामिल किया गया है। वहीं, भारत इस मुकाबले में तीन बदलावों के साथ उतरा है।

# विश्व कप के लिए नए सिरे से शुरुआत करनी होगी, इंग्लैंड से वनडे सीरीज जीतने के बाद बोलीं हरमनप्रीत

खेल एजेंसी

**चेस्टर ली स्ट्रीट (डरहम)।** भारत अब 14 सितंबर से घरेलू मैदान पर तीन मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। इसके बाद 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में महिला वनडे विश्व कप खेला जाएगा। भारतीय महिला टीम का इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की सीरीज में जीत से वनडे विश्व कप से पहले आत्मविश्वास बढ़ा होगा, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उनकी टीम को स्वदेश लौटने पर इस वैश्विक प्रतियोगिता के लिए नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। हरमनप्रीत ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में शतक जमाया। उनके इस शानदार प्रदर्शन से भारत ने इंग्लैंड को 13 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। इससे पहले उसने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में 3-2 से जीत हासिल की थी। भारत अब 14 सितंबर से घरेलू मैदान पर तीन मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। इसके बाद 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में महिला वनडे विश्व कप खेला जाएगा। तीसरे मैच और सीरीज की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई हरमनप्रीत ने कहा, हर मैच और हर परिस्थिति अलग होती है। आज परिस्थितियां बिल्कुल भिन्न थीं, पिच भी अलग थी, माहौल भी अलग था, लेकिन घरेलू मैदान पर परिस्थितियां भिन्न होंगी। उन्होंने कहा, जब भी आपको जीत मिलती है तो आपकी मानसिकता सकारात्मक हो जाती है। इस तरह की चीज आपको अच्छी स्थिति में रखती हैं, लेकिन जब भी आप अगला मैच खेल रहे हों, तो आपको हमेशा पहली गेंद से ही शुरुआत करनी होती है और मुझे लगता है कि इस सीरीज से निश्चित रूप से हमारा मनोबल बढ़ेगा। लेकिन जब हम स्वदेश लौटेंगे तो हमें नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। भारतीय कप्तान ने इस जीत का श्रेय टीम की कड़ी मेहनत को दिया।

# मांडविया ने अधिक पारदर्शिता के लिए खेल प्रशासन विधेयक पेश किया

खेल एजेंसी



**नई दिल्ली।** इस विधेयक के मुताबिक, केंद्र सरकार को राष्ट्रीय हित में निर्देश जारी करने और रोक लगाने की शक्ति संबंधी धारा के तहत एक आदेश के द्वारा असाधारण परिस्थितियों में भारतीय टीमों और व्यक्तिगत खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी पर उचित रोक लगाने का अधिकार होगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को लोकसभा में राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक पेश किया। इस विधेयक में एक ऐसे बोर्ड के गठन का प्रस्ताव है, जिसके पास नियम बनाने और धनी बीसीसीआई सहित सभी महासंघों के कामकाज की निगरानी करने के व्यापक अधिकार होंगे।मांडविया ने यह विधेयक पेश किया जिसमें जवाबदेही की एक सख्त व्यवस्था बनाने के लिए एक राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) के गठन का प्रावधान है। सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को केंद्र सरकार से धन प्राप्त करने के लिए एनएसबी से मान्यता प्राप्त करनी होगी।

इस विधेयक के मुताबिक, केंद्र सरकार को राष्ट्रीय हित में निर्देश जारी करने और रोक लगाने की शक्ति संबंधी धारा के तहत एक आदेश के द्वारा असाधारण परिस्थितियों में भारतीय टीमों और व्यक्तिगत खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी पर उचित रोक लगाने का अधिकार होगा। खिलाड़ियों की भागीदारी का मामला अक्सर पाकिस्तान के संबंध में सामने आता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने को लेकर सरकार की नीति पिछले कुछ वर्षों से बेहद स्पष्ट रही है। अगर कोई ऐसी प्रतियोगिता हो जिसमें कई देश भाग ले रहे हों तो उसमें भागीदारी पर कोई रोक नहीं है, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय आयोजनों का तो 'सवाल ही नहीं उठता मुंबई में 2008 में आतंकी हमले के बाद यही स्थिति बनी हुई है। इस हमले में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 150 से ज्यादा लोगों को मार डाला था। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया, यह सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है कि इस तरह के फैसले करने में सरकार का पूरा नियंत्रण हो। जब भी राष्ट्रीय हित शामिल होता है, तो सरकार को ही तमाम सवालों के जवाब देने पड़ते हैं इसलिए अंतिम फैसला करने का अधिकार उसके पास होना उचित है। इस वर्ष अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में और खटास पैदा हो गई थी। इसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव हुआ था, जो पाकिस्तान के युद्ध विराम के अनुरोध पर समाप्त हुआ था। पहलगाम हमले के बाद भी दोनों देश बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहे हैं। भारत अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) का सदस्य है जिसका चार्टर राजनीति के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव पर रोक लगाता है। भारत ने अगले महीने होने वाले हॉकी एशिया कप और इस वर्ष के अंत में होने वाले जूनियर निशानेबाजी विश्व कप के लिए पाकिस्तान के देश में प्रवेश का रास्ता भी साफ कर दिया है, ताकि ओलंपिक चार्टर का अनुपालन किया जा सके। बड़ी प्रतियोगिताओं की मेजबानी के अधिकार प्राप्त करने के लिए चार्टर का पालन करना अनिवार्य होता है और भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दौड़ में शामिल है।

# कावड़ यात्रा भोलेनाथ के सानिध्य मे श्रध्दा सेवा और संस्कार का संगमः नरेन्द्र सिंह जी तोमर

### भागवत कथा श्रवण से मनुष्य का लोक और परलोक दोनों का कल्याण हो जाता है :-श्री नरेंद्र सिंह तोमर





ग्वालियर। मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं भारत सरकार के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर आज 23 जुलाई को ग्वालियर से चलकर एक दिवसीय प्रवास के दौरान श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में पहुंच कर प्रसिद्ध छिमछिमा वाले हनुमान जी मंदिर पहुँचकर कांवड़ यात्रा का समापन किया तथा इस अवसर पर चल रहे विशाल भंडारे में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की सर्वप्रथम विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर जी ने हजारों की संख्या में शामिल कांवड़ियों का पुष्प वर्षा का अभिनंदन किया एवं कावड़ यात्रा के संयोजक विजयपुर के पूर्व विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन श्री रामनिवास रावत का धर्म गमछा एवं माला पहनकर सफल कावड़ यात्रा की शुभकामनाएं दी।

विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने सर्वप्रथम सिद्ध छिमछिमा हनुमान जी मंदिर पहुंच कर विधि विधान से पूजा अर्चना की पूजा अर्चना के बाद मंदिर के महंत जी ने श्री तोमर जी का पुष्प माला पहनकर स्वागत किया।

कावड़ यात्रा में शामिल हजारों कावड़ यात्रियों एवं धर्म प्रेमी जनता जनार्दन को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि 20 जुलाई से प्रारंभ हुई चार दिवसीय कावड़ यात्रा जो मानपुर त्रिवेणी संगम से श्री छिम - छिमा हनुमान जी मंदिर विजयपुर तक हमारे क्षेत्र की जनता जनार्दन ने कावड़ यात्रियों का जगह-जगह स्वागत कर अभिनंदन किया यह संगम भगवान भोलेनाथ के सानिध्य में श्रद्धा सेवा और संस्कार का संगम है मुझे इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर गर्व एवं प्रसन्नता का अनुभव हुआ है इस तरह के आयोजन से हमारे क्षेत्र के युवाओं में सनातन धर्म के प्रति आस्था जागृत होने के साथ-साथ नेक रास्ते पर चलने का प्रभु का आशीर्वाद मिलता है।

### भागवत कथा श्रवण से मनुष्य का लोक और परलोक दोनों का कल्याण हो जाता है : श्री नरेंद्र सिंह तोमर

विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने चमचमा हनुमान मंदिर पर चल रही भागवत कथा में पहुंचकर सर्वप्रथम भागवत पूजन एवं व्यास गद्दी पर विराजमान भागवत आचार्य श्री कपिल कृष्ण महाराज का पुष्पमाला पहनकर अभिनंदन किया । विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भागवत कथा में आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य का लोक भी सुधरता है और परलोक भी सुधरता है भागवत कथा हनुमान जी की शरण में हो रही है इस कथा का हमारे क्षेत्र के जनमानस को उम्मीद से ज्यादा धर्म लाभ मिलेगा उन्होंने भागवत कथा आयोजन समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी । मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर के साथ प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, भाजपा जिला शिवपुरी अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गण अशोक जैन एवं अशोक जादौन, भाजपा जिला शिवपुरी महामंत्री रविंद्र सिंह जादौन गुड्डा प्रमुख रूप से शामिल थे । मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह जी तोमर का ग्वालियर से विजयपुर तक जनता जनार्दन एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्ष एवं माला पहनकर स्वागत किया ।

# शिक्षित नागरिक ही विकसित समाज की रीढ़ है- मुख्य अभियंता सूर्यवंशी

### शिक्षित बालिकाएं पूरे घर को संवार सकती हैं: पुलिस अधीक्षक कुबेर

### डॉ. अम्बेडकर सर्वोदय समिति ने प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं और वरिष्ठों को किया सम्मानित

ग्वालियर। शिक्षा न केवल रोजगार एवं आर्थिक उन्नति का माध्यम है, बल्कि श्रेष्ठ और सभ्य समाज के निर्माण का प्रमुख हथियार है। शिक्षित नागरिक ही विकसित समाज की रीढ़ है। यह बात अजाक्स के प्रांतीय महासचिव (प्रशासन) एवं पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता एसएल सूर्यवंशी ने डॉ. अम्बेडकर सर्वोदय समिति के स्थापना दिवस पर कबीर आश्रम, ठाठीपुर में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते कही। वह यहां मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। विशिष्ट पुलिस अधीक्षक चंबल संभाग (अजाक) जयराज कुबेर थे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामगोपाल मिलन ने की। आरंभ में भगवान बुद्ध एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। फिर सचिव राजवीर सिंह ने वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन पढ़ा। विशिष्ट अतिथि जयराज कुबेर ने कहा कि एक व्यक्ति का शिक्षित होना उसका स्वयं का विकास है, वहीं एक बालिका शिक्षित होकर पूरे घर को संवार सकती है। अध्यक्षता कर रहे रामगोपाल मिलन ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई। कार्यक्रम में उपस्थित 92 वर्षीय रामहेत मौर्य, 75 वर्षीय डॉ. लाल सिंह उचाडिया एवं धनीराम सोलंकी सहित विभिन्न परीक्षाओं में प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। संचालन सुनीता पवैया ने किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर लक्ष्मण सिंह अलापुरिया, पूरन सिंह तिजौरियो, रामस्वरूप नोरके, केएस अम्ब, अजमेर सिंह, धन्जू राम, मोहनलाल राजे, पीआर रजोदिया, एमएल पवैया, शशि प्रभा सिंह, ज्योति नोरके, मुकेश कुमार, भगवान सिंह पिप्पल, प्रशांत सुमन, ओमप्रकाश अम्ब आदि उपस्थित रहे।

# क्रांति की कभी न बुझने वाली लौ चन्द्रशेखर आज़ादः राठौड़

### गंगाजल से अभिषेक कर केसरिया साफा पहनाया एवं धर्म गुरुओं का सम्मान किया

**निज प्रतिनिधि ग्वालियर।**



अमर क्रांतिकारी स्व शहीद चंद्रशेखर आजाद एवं बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर बुधवार को वीर शहीद स्मृति फाउंडेशन द्वारा त्रिमूर्ति चौराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पहले कार्यक्रम संयोजक आशीष प्रताप सिंह राठौड़ ने आजाद की प्रतिमा पर गंगाजल से अभिषेक कर केसरिया साफा बांधा।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं वीर शहीद स्मृति फाउंडेशन के संयोजक आशीष प्रताप सिंह राठौड़ द्वारा धर्मगुरु महंत मनीष विठ्ठल अन्ना महाराज , सुंदरकांड गायक पंडित अंकित शर्मा , ज्योतिर्विद पंडित दुर्गेश दिक्षित ,प्रेरक वक्ता बी के प्रहलाद भाई एवं एनसीसी अधिकारी गजेंद्र जैन का शाल श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया। वीर शहीद स्मृति फाउंडेशन के संयोजक आशीष प्रताप सिंह राठोड़ ने इस अवसर पर कहा कि उनके माता-पिता, ने उनके चरित्र को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने उनमें ईमानदारी, साहस और लचीलेपन के मूल्य पैदा किए, जो बाद में उनकी क्रांतिकारी यात्रा के मार्गदर्शक सिद्धांत बन गए।चंद्रशेखर आजाद का पूरा जीवन देश के लिए मर मिटने को समर्पित रहा। आज के नौजवानों को भी इसी प्रकार देश के प्रति जज्बे और साहस की आवश्यकता है।

आजाद के जीवन का एकमात्र उद्देश्य मां भारती की स्वतंत्रता थी, जिसके लिए उन्होंने अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम के अंत में शहीद आजाद व लोकमान्य तिलक के नाम पर पौधों का रोपण किया गया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में पूर्व पार्षद संतोष सिंह राठौड़ , जेसीआई के उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल,डॉक्टर दिलीप समाधिया , कपिल भार्गव युवा अध्यक्ष ब्राह्मण समाज, अतर सिंह जाटव उपाध्यक्ष अजाक्स , सोनू अस्थाना ,चांद भाई,कल्लू यादव,अतुल कवीश्वर ,अवधेश जादौन, अनीस भाई,नकुल खरे ,धर्मेंद्र बुधौलिया, नरेंद्र करोसिया आदि सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निगमायुक्त संघप्रिय का नया रूप



**निज प्रतिनिधि ग्वालियर।**

ग्वालियर। ग्वालियर नगर निगम के आयुक्त संघप्रिय अपनी कार्यशैली से जनप्रिय की श्रेणी में आ गये है। ग्वालियर में पदभार सम्हालने के बाद वह शहर को संवारने सुधारने में लगे हैं। आज उनका कार्यालय में एक नया ही रूप देखने को मिला। वह अपने कार्यालय में समस्याओं को लेकर आने वालों से खुलकर अपने आफिस से बाहर आकर मिले। उन्होंने सभी लोगों से एक एक कर मुलाकात की और समस्याओं का निदान भी कराया। विशेष बात यह है कि भाप्रसे के अधिकारी संघप्रिय अपने आफिस में आने वाले सभी लोगों से मिलते है। वह मीटिंग में हो तो थोड़ी देर जरूर हो सकती है, लेकिन वह मिलते जरूर है और समस्याओं का निदान भी करते है। आज मिलने आये कई लोगों ने इस प्रतिनिधि से उनकी कार्यशैली की सराहना की।

# भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ महानगर द्वारा कृष्ण ग्रीन सिटी में किया गया वृक्षारोपण

**निज प्रतिनिधि ग्वालियर।**



*ग्वालियरआज भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ महानगर *ग्वालियर द्वारा 23 जुलाई बुधवार प्रातः 10~30 बजे *कृष्णा ग्रीन सिटी परमानंद आश्रम के सामने, गिरवाई मेन रोड, पर *एक पेड़ मां के नाम 51 पौधों का रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें हमारे मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजोरिया जी जिला महामंत्री विनय जैन जी जिला संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ श्री अमर मखीजा जी जिला सह संयोजक गण श्री पारस वरैया, नित्यानंद शर्मा जी, श्री ताराचंद जी गर्ग, श्री अजय सपरा जी, श्री आनंद भाटिया जी, कार्यक्रम संयोजक अंशुल तपा श्री नीरज चौरसिया युवा मोर्चा श्री अखिल राजोरिया जी, आर्यन तिवारी जी, सभी कार्यकारिणी सदस्य श्री विशाल जैन सहसंयोजक गण उपस्थित थे कार्यक्रम स्थल कृष्णा ग्रीन सिटी गिरबाई रोड ~ भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ महानगर जिला ग्वालियर

# 11000 हजार शिवलिंग निर्माण हुए भगवान श्रीराम ने यहां अपने हाथों से बनाया था पार्थिव शिवलिंग, पूजा करने पर मिलता है एक करोड़ गुना ज्यादा फलः पं. शास्त्री

**निज प्रतिनिधि ग्वालियर।**



ग्वालियर। सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं. घनश्याम शास्त्री महाराज के सानिध्य में कि रोशनी घर स्थित ऊर्जा सरकार मंदिर पर जयेंद्रगंज में पार्थिव शिवलिंग का आयोजन चल रहा हैं जो कि 21 जुलाई से प्रारंभ होकर और 9 अगस्त तक आयोजित है। बुधवार को 11000 शिवलिंग निर्माण हुए शास्त्री जी ने बताया कि भगवान श्रीराम ने यहां अपने हाथों से बनाया था पार्थिव शिवलिंग, पूजा करने पर मिलता है एक करोड़ गुना ज्यादा फल श्रावण के महीने में शिव भक्त देश भर के तमाम शिव धाम पर जाकर महादेव का दर्शन, पूजन, अर्चन करते हैं. शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंग के अलावा देश भर में कई ऐसे मंदिर हैं, जहां पर भगवान शिव का पूजन या सिर्फ दर्शन मात्र से जीवन से जुड़े तमाम दोष दूर हो जाते हैं। ऐसा ही एक पावन शिवधाम तीर्थों के राजा माने जाने वाले प्रयाराज में स्थित है, जिसे कोटितीर्थ के नाम से जाना जाता हैं. हालांकि शहर के उत्तरी क्षेत्र में स्थित इस मंदिर को स्थानीय लोग शिवकुटी के नाम से बुलाते हैं गंगा नदी के किनारे बने भगवान शिव के इस मंदिर का संबंध रामायण काल से है। मान्यता है कि मंदिर में प्रतिष्ठित शिवलिंग को भगवान श्रीराम ने स्वयं अपने हाथों से बनाया था और यह प्रभु श्री राम के हाथ से बनाया गया दूसरा शिवलिंग है, जिसे उन्होंने लंका विजय के बाद प्रयाग राज में बनाया था.प्रभु श्रीराम के द्वारा कोटेश्वर शिवलिंग के निर्माण की कथा बड़ी दिलचस्प है।इस अवसर पर राहुल भाटिया,विनोद पाल, सूर्यांश तिवारी ,अशोक तिवारी ने पूजन किया।

# भारतवंशी सदैव ही आजादी के नायकों के ऋणी रहेंगे : अण्णा महाराज

### वेद, पुराणों के रचयिता हैं ब्राह्मण - अनिल मिश्रा, तिलक , आजाद को नमन कर विप्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया,

**निज प्रतिनिधि ग्वालियर।**




ग्वालियर सकल ब्राह्मण महासमिति द्वारा शहीद चंद्रशेखर आजाद एवं लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती के अवसर पर सनातन धर्म मंदिर में सायंकाल ठीक 4~30 बजे ÷ विप्र समागम ÷ का आयोजन में 31 वरिष्ठ समाजसेवियों को विप्र गौरव सम्मान से सम्मानित सद्गुरु अण्णा महाराज मठ निम्बालकर गोठ के महंत मनीष विठ्ठल अण्णा महाराज जी के मुख्य आतिथ्य में तथा सकल ब्राह्मण महासमिति ग्वालियर के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा जी की अध्यक्षता में तथा मुख्य वक्ता एडवोकेट अनिल मिश्रा जी विशिष्ट अतिथि महिला अध्यक्ष श्रीमती बीना भारद्वाज,ब्राह्मण सभा मुरार के अध्यक्ष राम पाठक जी, पूर्व अध्यक्ष नरेश कटारे,महिला अध्यक्ष श्रीमती कांता शर्मा,विप्रा ब्राह्मण महिला मंच की संस्थापक डॉ प्रतिभा चतुर्वेदी , कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष शशीकांत दीक्षित, निशा शुक्ला, सुधा दीक्षित,आदि गौड़ ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज शरण शर्मा,अध्यक्ष महेश मिश्रा, संगीता शर्मा,भार्गव ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष श्याम बाबू शर्मा, ब्रह्म भट्ट ब्राह्मण सभा के डॉ मुन्नालाल शर्मा,जिझोतिया ब्राह्मण समाज की महिला अध्यक्षा श्रीमती अनीता रिछारिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की प्रदेश संयोजिका डॉक्टर वंदना भूपेंद्र प्रेमी सहित सभी उपवर्गीय ब्राह्मण समाजों के अध्यक्ष मंचासीन थे। सभी ने विचार व्यक्त करते हुए नशा मुक्ति अभियान में सहयोग का संकल्प लिया। राष्ट्र एवं संस्कृति के विकास में ब्राह्मणों का योगदान विषय पर व्याख्यान तथा समाज में नशा मुक्ति के लिए जन जागरण अभियान का संकल्प दिलाया । सर्व प्रथम पंडित गिरिराज गुरु पंडित रमाकांत शास्त्री पंडित शास्त्री ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ भगवान परशुराम जी भगवान चक्रधर की एवं सहित लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं शहीद चंद्रशेखर आजाद जी के चित्र पर वैदिक मंत्र उच्चारण से पूजन अर्चना कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन समिति के संस्थापक डॉ.जयवीर भारद्वाज ने किया आभार मुख्य संयोजक शशिकांत दीक्षित ने किया। स्वागत अध्यक्ष पंडित गिरिराज गुरुजी, कार्यक्रम मुख्य संयोजक शशीकांत दीक्षित, महिला संयोजिका डॉ बंदना भूपेंद्र प्रेमी, संयोजक देवेंद्र कुमार पाठक, ने सभी विप्रजन, मातृ-शक्ति, युवा शक्ति ने भाग लेकर लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर नमन किया । मुख्य अतिथि आसन्न से महंत मनीष विठ्ठल अण्णा महाराज ने कहा कि आज शहीद चंद्रशेखर आजाद बाल गंगाधर तिलक की जयंती के अवसर पर हमारे बुजुर्ग मार्गदर्शक को का सम्मान का बड़ा ही एक अच्छा प्रेरणादाई कार्यक्रम सकल ब्राह्मण महासमिति द्वारा किया गया है कार्यक्रम का मूल विषय स्वतंत्रता आंदोलन में विप्र समाज का योगदान तो दो शब्दों में अगर कहें तो आजादी के नायकों में देखने में पढ़ने में आता है कि विप्र समाज मुख्य रूप से 50त्त से भी अधिक संख्या में स्वतंत्रता आंदोलन में अपना योगदान दिया शायद महारानी लक्ष्मीबाई हूं महारानी भेजो भाई हूं तात्या टोपे बिस्मिल जी बाल गंगाधर तिलक स्वतंत्र वीर सावरकर चंद्रशेखर आजाद साहित अनेक विक्रम मूर्तियां अपना त्याग किया है आज उन्हीं के परिणाम स्वरूप एवं अन्य समाज के वर्ग की मूर्ति के भी सहयोग से जो स्वतंत्रता आंदोलन में पुण्य कथन चिंगारी का काम चंद्रशेखर आजाद जी का की आजाद हूं आजाद रहूंगा बाल गंगाधर तिलक जी का स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा आप कल्पना करें शारीरिक और मानसिक दासता गुलामी दोनों ही बड़ी खतरनाक बीमारी थी पर दोनों की अगर तुलना करें तो मानसिक दस्यता गुलामी बड़ी गंभीर बीमारी थी जब हम सभी भारतवंशी शारीरिक और मानसिक दक्षता गुलामी से त्रस्त थे उसे समय ऐसे ही विप मूर्ति भारत माता के सपूतों के त्याग से हम लोगों को आज यह स्वतंत्र भारत प्राप्त हुआ है हम सदैव इनकी रानी हैं और सदैव ही रहेंगे इस अवसर पर समाज के बुजुर्गों का या यह कहे हमारे मार्गदर्शकों का सम्मान कर यह हमारे मार्गदर्शक हैं तो इनकी आशीर्वादात्मक उपस्थित ही हम सबके लिए काफी है सदैव हमको इनका आशीर्वाद मार्गदर्शन प्राप्त हो और हम सभी हम सभी सदैव अपने मार्गदर्शकों का सम्मान करें और एक उनके लंबे अनुभवों का अनुसरण करें तभी हमारे चाहे सूर्य ग्रह हो चंद्र ग्रह हो और गुरु ग्रह हो यह तीनों ही बलवान होंगे और हम सुख में जीवन व्यतीत कर पाएंगे मुख्य वक्ता एडवोकेट अनिल मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मणों ने विश्व में अपना योगदान दिया। वैदिक वैदिकता के आधार पर आज पूरा विश्व रिसर्च कर रहा है वेद और पुराणों की रचना ब्राह्मणों ने की चाणक्य जैसे नीति कर आज भी विश्व में प्रसिद्ध है ब्राह्मणों का सकल हिंदू समाज को सम्मान करना चाहिए और ब्राह्मणों को एक जोड़ता है के लिए आगे आना होगा तभी राष्ट्र का विकास संभव है। अध्यक्ष शासन से प्रकाश नारायण शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज को नशा मुक्ति के लिए जन जागरण अभियान चलना होगा जिससे सकल हिंदू समाज प्रेरणा ले सकेगा।

### विप्र गौरव सम्मान से सम्मानित होने वाले नाम

.डा. ओ. एन. कौल, कौल नर्सिंग होम -डा.सुनील शर्मा ,-कौशल किशोर द्विवेदी , डा.महेश शर्मा. श्री कुलवीर भारद्वाज.श्री हरी ओम उपाध्याय,सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, डा.जे.पी.शर्मा , जगदीश प्रसाद शर्मा एडवोकेट.-अशोक प्रेमी. डॉ श्रीमती प्रतिभा चतुर्वेदी ,विनोद प्रकाश उर्मिला शर्मा. साकेतनगर.- श्री के .एल.शर्मा,प्रेम नारायण शर्मा,श्री मती कैलाशी शर्मा.श्रीमती शोभलेष तिवारी.संजय शर्मा. सिटी कोनवेन्ट स्कूल..डा.आर.के.चतुर्वेदी.दामोदर लाल शर्मा योगाचार्य.सुनील कटारे.श्री ओ पी दीक्षित.श्री मनोज पाण्डेय.श्री जयप्रकाश मिश्रा एडवोकेट, सहित 31 को विप्र गौरव सम्मान में शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इस अवसर पर डा.मुन्ना लाल शर्मा. श्यामवावू शर्मा. भूपेन्द्र प्रेमी. योगेंद्र दीक्षित.देवेंद्र पाठक.शैलेन्द्र दीक्षित.ब्रजेश पाठक, मनोज त्रिपाठी, सुधा दीक्षित. संगीता शर्मा, श्रीमती किरण त्रिवेदी, शशि व्यास, डॉ सरिता त्रिपाठी, रचना गौड़,शशि गोस्वामी.रेनू शर्मा. अंजू दीक्षित. अनीता दीक्षित. राधा शर्मा. आशा त्रिपाठी. कीर्ती गौड.शशि शर्मा. मंजू मिश्रा.विमला मौसी. रेखा चतुर्वेदी.सहित अनेको उपस्थित थे ।

स्वत्वाधिकर स्वामी; प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक महेंद्र तिवारी द्वारा तिवारी आर्ट्स गुड़ी गुड़ा का नाका 14 बटालियन न्यू कुशवाहा कॉलोनी ग्वालियर मध्य प्रदेश से मुदित एवं प्रकाशित प्रबंधक संपादक धैर्यवर्धन शर्मा-सह संपादक मनीष तिवारी समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर रहेगा मोबाइल नंबर 9074692488 -9340719851 Email, Navneete&press 33@gmail.com. पी आर बी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार RNI-MPHIN/2016/69280

पत्राचार का पता : दुबे सदन, बाबूजी की बगिया, गुड़ा चक्की, कंपू लश्कर, ग्वालियर 474001